हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

आपका देश आपकी बात...

RNI No- UPHIN/2008/28258

वर्षः 14, अंकः 69 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, बुधवार 28 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50



## संक्षिप्त समाचार

### महबूबा बोलीं- भारत जोड़ो यात्रा के लिए राहुल को सलाम

**जम्मू/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सलाम करती हैं। इसके साथ ही वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस नेता की सराहना भी की। महबूबा ने कहा- मुझे भारत जोड़ो यात्रा में आमंत्रित किया गया है। मैं कश्मीर में इस यात्रा में शामिल होउंगी। महबूबा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हम भारत को एकजुट करने और इस देश में धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे को मजबूत और विकसित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने के लिए राहुल गांधी को सलाम करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने देश की धर्मनिरपेक्ष नींव को कमजोर करने और तोड़ने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना भी की।महबूबा ने कहा कि भारत में धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे की नींव पिछले सात-आठ सालों में हिल गई है।

### सुरजेवाला बोले- भारत जोड़ो यात्रा से घबरा गई है सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा पर झूठ का सहारा लेकर प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को परेशान करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को निशाना बनाने के लिए भाजपा झूठ का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपना संतुलन खो चुकी है क्योंकि वह भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से घबराई हुई है। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा ने राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर अपना लक्ष्य हासिल करना चाहती है। उन्होंने कहा कि वाड्रा धोखाधड़ी के शिकार हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और नफरत की राजनीति जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए आरोप लगाए जा रहे हैं।

### राज्यों में धर्मांतरण से जुड़े कानूनों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई 2 जनवरी को

**नई दिल्ली।** जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाने वाले राज्यों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट दो जनवरी को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ अधिवक्ता विशाल ठाकरे और एनजीओ 'सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस' की जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर भी सुनवाई करेगा, जिसे उसने पिछले साल याचिकाओं में पक्ष बनने की अनुमति दी थी। संगठन ने दावा किया था कि देशभर में इन कानूनों के तहत बड़ी संख्या में मुस्लिमों को परेशान किया जा रहा है। शीर्ष कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक केंद्र या किसी राज्य ने कोई जवाब नहीं दिया है, जिन्हें वाद में पक्ष बनाया गया है। शीर्ष कोर्ट ने 17 फरवरी 2021 को एनजीओ को अनुमति दी थी कि हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश को उसकी लंबित याचिका में पक्षकार बनाया जाए। इस याचिका के माध्यम से अंतरधार्मिक विवाहों के कारण धर्मांतरण पर नियंत्रण वाले राज्यों के विवादास्पद कानूनों को चुनौती दी गई है।

# निकाय चुनाव का रास्ता साफ, ओबीसी आरक्षण रद्द

## बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव को लेकर कोर्ट ने दिया फैसला

संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी के निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर फैसला दे दिया है। उसके अनुसार निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के होंगे। इससे चुनाव कराने का रास्ता साफहो गया है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए निकाय चुनावों के लिए 05 दिसम्बर को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने राज्य सरकार को निकाय चुनावों को बिना ओबीसी आरक्षण के ही कराने के आदेश दिए हैं। निकाय चुनाव का फैसला न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने लिया है। इस मुद्दे पर दाखिल 93 याचिकाओं पर एक साथ पारित किया। कोर्ट में सुनवाई चलते रहने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग के अधिसूचना जारी करने पर रोक लगा दी गई थी। कोर्ट ने कहा है कि जब तक ट्रिपल टेस्ट न हो तब तक ओबीसी आरक्षण नहीं होगा। कोर्ट ने बिना आरक्षण के तत्काल चुनाव कराने के निर्देश दिए। इस मामले में याची पक्ष ने कहा था कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। याची पक्ष में निकाय चुनावों में सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है।

**निकाय चुनाव**

- » ट्रिपल टेस्ट न हो तब तक नहीं होगा ओबीसी आरक्षण
- » सरकार को निकाय चुनावों को बिना ओबीसी आरक्षण के ही कराने के आदेश दिए
- » निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है



इस वजह से ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। राज्य सरकार ने दाखिल किए गए जवाबी हलफनामे में कहा था कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग यानि ओबीसी के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। राज्य सरकार ने यह भी कहा था कि ट्रांसजेंडर्स को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। इस मामले को लेकर हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किन प्रावधानों के तहत निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति की गई है। इस पर सरकार ने कहा कि 05 दिसंबर 2011 के हाईकोर्ट के फैसले के तहत इसका प्रावधान है। रैपिड सर्वे में जिला प्रशासन की देखरेख में नगर निकायों द्वारा वार्डवार ओबीसी वर्ग की गिनती कराई जाती है जिसके आधार पर ही ओबीसी की सीटों का निर्धारण करते हुए इनके लिए आरक्षण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाता है। अंत में शासन के स्तर पर सत्यापन होता है। दूसरी ओर नगर निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण निर्धारित करने से पहले एक आयोग का गठन किया जाएगा जो निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति का आकलन करेगा। उसके बाद पिछड़ों के लिए सीटों के आरक्षण को प्रस्तावित करेगा। फिर दूसरे चरण में स्थानीय निकायों द्वारा ओबीसी की संख्या का परीक्षण कराया जाएगा और तीसरे चरण में शासन के स्तर पर सत्यापन कराया जाएगा।

### निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण रद्द को लेकर गरमाई सियासत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर इलाहाबाद की लखनऊ बेंच ने ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया है। इसे लेकर सियासत तेज हो गई। एनडीए की सहयोगी और अनुप्रिया पटेल के पति आशीष पटेल अपना दल (एस ) ने कोर्ट के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने एक निजी चौनल से बात करते हुए कहा कि हम इस फैसले से खुश नहीं है। इस फैसले के खिलाफहम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा हम इस फैसल का विशेषज्ञों से अध्यक्ष करा रहे है। उसके बाद हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव सही नहीं है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर इलाहाबाद की लखनऊ पीठ ने बड़ा फैसला दिया है। इस मामले में कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ओबीसी आरक्षण की सभी सीटें सामान्य होगी। कोर्ट ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट के बिना कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। बता दें कि इस मामले में लखनऊ पीठ ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव के मामले पर सुनवाई पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ मामले में आज अपना फैसला सुनाया है। पीठ पहले ही मामले के निपटान तक अधिसूचना पर रोक लगा चुकी है। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे को लेकर राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए आरक्षण को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर शनिवार को सुनवाई पूरी की। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता एलपी मिश्रा ने अदालत को विस्तार से मामले की जानकारी दी और उसके बाद अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता अमिताभ राय ने राज्य सरकार की ओर से मामले में लंबी बहस की।

# सीएम योगी बोले- आरक्षण के बाद ही होंगे निकाय चुनाव

## सपा ने भाजपा पर कोर्ट में कमजोर पैरवी करने का आरोप लगाया

संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ द्वारा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म रद्द किए जाने के फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछड़ों का हक दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी। वहीं, सपा ने भाजपा पर कोर्ट में कमजोर पैरवी करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय चुनाव के लिए आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके बाद ही निकाय चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही है। आज भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है। कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गये दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी। उन्होंने आरक्षण को बचाने की लड़ाई में पिछड़ों व दलितों से सपा का साथ देने की अपील की है। अखिलेश यादव ने कहा है कि आरक्षण बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। मायावती ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह फैसला भाजपा की आरक्षण विरोधी मानसिकता को दिखाता है। मायावती ने बयान दिया है कि यूपी में बहुप्रतीक्षित निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार के तहत मिलने वाले आरक्षण को लेकर सरकार की कारगुजारी का संज्ञान लेने सम्बंधी माननीय हाईकोर्ट का फैसला सही मायने में भाजपा व उनकी सरकार की ओबीसी एवं आरक्षण-विरोधी सोच व मानसिकता को प्रकट करता है।

**बयान**

- » भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही



# आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर बहा रही है घड़ियाली आंसू: अखिलेश

संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आरक्षण विरोधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के विषय पर घड़ियाली आंसू बहा रही है।

यादव ने कहा कि आज भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है, कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गए दलितों के आरक्षण को भी छीन लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने न केवल पिछड़ों को धोखा दिया है अपितु बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के दिए संविधान को भी खत्म करने की साजिश की है। निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के समक्ष जानबूझकर तथ्य प्रस्तुत नहीं किये गये। उत्तर प्रदेश की 60 प्रतिशत आबादी को आरक्षण से वंचित कर दिया गया। भाजपा ने मनमानी प्रक्रिया अपने फायदे के लिए ही की थी।

**आरोप**

- » भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है
- » भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गए दलितों के आरक्षण को भी छीन लेगी



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने डॉ राममनोहर लोहिया और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारों को आत्मसात करके सदैव सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी है। जातिगत जनगणना और सामाजिक न्याय की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सपा की इस न्याय की लड़ाई से डरी है। भाजपा ने इससे पहले 17 अति पिछड़ी जातियों से भी झूठ बोला है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की पिछड़ा विरोधी नीयत साफ हो गई है। भाजपा जो खुद नहीं कर पाती वह जनहित याचिका के माध्यम से करवाती है। भाजपा का चाल, चरित्र, चेहरा सारी दुनिया के सामने उजागर हो गया है।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिए कांग्रेस ने बनाए पर्यवेक्षक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के बाद यात्रा का संदेश चंचल तक पहुंचाने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए 26 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है और सभी पर्यवेक्षकों को भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के क्रियान्वयन के लिए काम शुरु करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उत्तम कुमार रेड्डी को आंध्र प्रदेश, रंजीत रंजन को असम, सुबोध कांत सहाय को बिहार, अरुण यादव को छत्तीसगढ़, मदन मोहन झा को दिल्ली, यस सैलजानाथ को गोवा, मिलिंद देवड़ा को गुजरात, मिलिंद देवड़ा को गुजरात के साथ ही दादर नागर हवेली एवं दमन दिउ, सुभाष चोपड़ा को हरियाणा, रघुवीर सिंह मीणा को हिमाचल प्रदेश, भरत सिंह सोलंकी को जम्मू कश्मीर, अर्जुन भाई मोदवाडिया को झारखंड, पृथ्वीराज चह्वाण को कर्नाटक, थिरुनाबुकासारर को केरल एवं लक्षद्वीप, प्रमोद तिवारी को मध्य प्रदेश, यम यम पल्लमराजू को महाराष्ट्र, वी नारायणसामी को पूर्वोत्तर के राज्य (असम के अतिरिक्त), तारिक हामिद कारा को ओडिशा, बी हनुमंतराव को पुद्दुचेरी, मोहन प्रकाश को पंजाब एवं चंडीगढ़, रामचंद्र खूंटियां को राजस्थान, के सुरेश को तमिलनाडु, गिरीश चडोनकर को तेलंगाना, दीपेंद्र हुड्डा को उत्तर प्रदेश, अजय कुमार लल्लू को उत्तराखंड, गुलाम अहमद मीर को पश्चिम बंगाल अंडमान और निकोबार तथा पीएल पुनिया को मुंबई का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

**अभियान**

- » हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए 26 पर्यवेक्षक नियुक्त किए




### केंद्रीय वित्त मंत्री को कल मिल सकती है एम्स से छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को कल एम्स से डिस्चार्ज किया जा सकता है। उन्हें पेट में हल्का संक्रमण होने के कारण सोमवार को भर्ती कराया गया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वह अब ठीक हो रही हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सोमवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीतारमण का अस्पताल के प्राइवेट वॉर्ड में इलाज चल रहा था। 63 वर्षीय सीतारमण को सोमवार को दोपहर 12 बजे के करीब अस्पताल ले जाया गया। उस दौरान आधिकारिक सूत्रों की ओर से बताया गया था कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नियमित जांच और पेट में मामूली संक्रमण कारण एम्स में कराया गया है और उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाएगी।

# बिना ओबीसी आरक्षण चुनाव कराना चाहती है बीजेपी सरकारः संजय

संवाददाता

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता और विचारधारा से यह बात स्पष्ट कर चुकी है कि वह दलितों, पिछड़ों और शोषित वर्ग की विरोधी है. सांसद संजय सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट का नगर निकाय चुनाव को लेकर जो फैसला आया है उसने यह साफ कर दिया है कि भाजपा पिछड़ों और दलितों को आरक्षण देने के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय के चुनाव में संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करके आयोग बनाकर एवं सर्वे कराकर



आरक्षण करना था लेकिन जानबूझकर योगी सरकार ने ऐसा निराधार, असंवैधानिक और गड़बड़ आरक्षण किया कि हाईकोर्ट ने इनके आरक्षण को रद्द कर दिया और यह कह दिया कि अगर प्रक्रियाओं का पालन करते हैं तो आरक्षण में ओबीसी को उनका हक मिलेगा और अगर आप बिना प्रक्रियाओं के आरक्षण की व्यवस्था करते हैं।

## प्रचण्ड शीतलहर व ठंड से बेघरों एवं निराश्रितों को बचाने के लिए रैन बसेरों में की जाय बेहतर व्यवस्था

# सभी निकाय बेसहारों को पहुँचायें नजदीकी रैन बसेरा स्थल

संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भीषण शीतलहर एवं ठंड का प्रकोप चल रहा है। इस समय सभी निकायों में बेसहारा, निराश्रितों, बेघरों एवं गरीबों को बचाने के लिए सभी स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों को पूर्ण व्यवस्था के साथ संचालित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं हीलाहवाली पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त गरम कपड़े, रजाई, कम्बल की व्यवस्था हो। हो सके तो यहां पर शरण लिए व्यक्ति को भोजन, चाय और गरम पानी की भी व्यवस्था कराने का प्रयास करें। उन्होंने सभी स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरों की जानकारी प्रदान करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को भी कहा। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, आमजनों, सक्षम नागरिकों से बेघरों, निराश्रितों एवं बेसहारा लोगों की मदद के लिए भी अपील की। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि रैन बसेरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। साथ ही कोरोना महामारी से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतें और कोविड हेल्पडेस्क, मास्क, सेनेटाइजर एवं सुनिश्चित दूरी संबंधी गाइडलाइंस का भी अनुपालन कराया जाये। उन्होंने कहा कि शहरों के सभी सार्वजनिक स्थलों, चौराहों, रेलवे व बस स्टेशनों एवं अस्पतालों में अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने खुले आसमान के नीचे, फुटपाथों एवं सड़क किनारे मजबूरी में सोने वाले व्यक्तियों की तत्काल मदद करें और उन्हें नजदीकी रैन बसेरा स्थल पहुंचायें। उन्होंने यह भी कहा है कि मौजूदा रैन बसेरा स्थलों में जगह कम पड़ने पर खाली पड़ी सरकारी इमारतों, धर्म स्थलों पर ऐसे व्यक्तियों की मदद के लिए व्यवस्था की जाए।

**सराहनीय कार्य**

- » निकायों में बनाये गये स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरों की दी जाय पूर्ण जानकारी
- » चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, रेलवे व बस स्टेशनों एवं अस्पतालों के आसपास जलाये जायें अलाव
- » खुले आसमान के नीचे, फुटपाथों, सड़क किनारे सोने को मजबूर व्यक्ति को मिले तत्काल मदद



## संक्षिप्त समाचार

### शैल बाला मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता

**लखनऊ।** प्रिसिशन चौस अकादमी में प्रारंभ हुई शैल बाला मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि अखिल कुमार और प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे 6 वर्षीय अग्रार्थ मिश्रा के बीच खेली गयी शुरुआती चालों से हुआ इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अतुल कुमार और वरिष्ठ खिलाड़ी के एम शुक्ला भी मौजूद रहेद्य 30 दिसम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 41 हजार की इनामी राशि दांव पर लगी होने से पहले चक्र में ही पहले बोर्ड पर शीर्ष वरीय खिलाडी पवन बाथम के साथ खेल रहे आकाश त्रिपाठी ने मध्य खेल में पवन द्वारा राजा पर किये गए हमले को नाकाम करते हुए जवाबी हमले में पवन को बाजी छोड़ने पर मजबूर कर पूरा अंक हासिल करते हुए अपने इरादे जाहिर कर दिये वहीं आठवीं वरीयता प्राप्त शलभ अग्रवाल को प्रबल पाण्डेय ने अंत खेल में चली गयी कमजोर चाल का फायदा उठाते हुए पराजित कर प्रतियोगिता का दूसरा उलटफेर करते हुए पूरा अंक हासिल किया अन्य सभी वरीय खिलाडी अपने अपने मैच जीत कर विजेता होने की दौड़ में शामिल है।

### खाद की आठ दुकानें निलंबित, छह को नोटिस, कृषि विभाग की टीम ने 42 दुकानों पर की छापेमारी

**बहराइच।** जिले में खाद व बीज की ओवररेटिंग व गुणवत्ता से खेल करने वाले दुकानदारों पर नकेल कसने के लिए छह तहसीलों में एक साथ कृषि विभाग की टीम ने 42 दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान आठ खाद-बीज के दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए। छह को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया गया। जवाब सही न होने पर निलंबन की चेतावनी दी गई। टीम ने 16 नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा है। भारत-नेपाल सीमा से बहराइच लगा हुआ है। सरहद से लगे भारतीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिना लाइसेंस दुकानें संचालित हो रही हैं। थोक दुकानदार खाद व बीज सीमा पर डंपकर महंगे दामों पर बेच रहे हैं। कृषि विभाग की टीम लगातार ऐसे दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई भी कर रही है। मोतीपुर व नानपारा तहसील में जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय, सदर में डीडी टीपी शाही, कैसरगंज व हुजूरपुर में उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदयशंकर सिंह व महसी में कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानंदा ने छापेमारी की। डीएओ ने नानपारा के शंकरपुर में चिश्ती खाद बीज भंडार, नवाबगंज में मनमोहन, मेराज खाद, जलालपुर में शांति खाद बीज, अरुण कुमार, पुत्तन खाद भंडार रमनगरा, कल्पीपारा वन एग्री जंक्शन व नवाबगंज में ही जायसवाल खाद भंडार के लाइसेंस निलंबित किए हैं। टीम के आने की भनक पाकर चार दुकानदार दुकानें बंदकर भाग गए। चार में स्टॉक पोजिशन सही नहीं पाया गया है। तीन दिनों में जवाब न देने पर लाइसेंस रद करने की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा छह लोगों को नोटिस जारी की गई है। यहां खाद व बीज के रख रखाव सही नहीं पाए गए हैं। रेटबोर्ड गायब मिला है। कुल 42 दुकानों पर छापेमारी कर 16 नमूने संग्रहीत किए गए हैं।

### उत्तर प्रदेश सरकार का एक बार फिर गैर लोकतांत्रिक चेहरा बेनकाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अगर त्रिस्तरीय सर्वे कराया होता और संविधान सम्मत आरक्षण की व्यवस्था एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए की होती तो माननीय उच्च न्यायालय को सरकार के 5 दिसम्बर 2022 के नोटिफीकेशन को रद्द न करना पड़ता और नगर निकाय के चुनाव में यह जटिलता न आती। आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट (आइपीएफ) ने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने अन्य पिछड़ा वर्ग के त्रिस्तरीय सर्वे की पूर्व शर्त मानी है तब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस व्यवस्था को नकार कर आरक्षण के लिए अधिसूचना जारी करना उसके गैर लोकतांत्रिक व्यवहार का ही प्रमाण है। यह साबित करता है कि सरकार का विधि के शासन में विश्वास नहीं है। आदतन उत्तर प्रदेश सरकार गैर लोकतांत्रिक आचरण पिछले छः वर्षो से करती चली आ रही है। आइपीएफएससी-एसटी को आबादी के आधार पर आरक्षण की मांग को पुनः दोहराता है। इसी संदर्भ में आइपीएफने माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका भी दायर की थी। ज्ञातव्य है कि शहरों में अनुसूचित जाति की संख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 22 प्रतिशत है फिर भी उन्हें 14 प्रतिशत ही निकाय में सीटें आरक्षित की गई। मामला यहां तक पहुंच गया कि इटावा जैसे जिले में जहां अनुसूचित जनजाति की आबादी ही नहीं है वहां भी उनके लिए सीट आरक्षित कर दी गई और कोल जैसी अनुसूचित जनजाति को अनुसूचित जानजाति में शामिल कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार तैयार नहीं है जबकि इस सम्बंध में आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट जैसे संगठनों ने सरकार को कई बार प्रत्यावेदन दिया है।

### निकाय चुनाव बिना आरक्षण के कराने पर भाकपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी

**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि नगर निकायों में आरक्षण के संबंध में आया निर्णय भारतीय जनता पार्टी की चाहतों के अनुकूल है। भाजपा और आरएसएस बुनियादी तौर पर आरक्षण विरोधी हैं और निकाय चुनावों को टालना चाहते हैं। इस फैसले से उसके दोनों लक्ष्य संधान हो रहे हैं। फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुये भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा? गिरीश एवं राज्य सचिव का? अरविन्द राज स्वरूप ने कहा कि बिना आरक्षण के ही चुनाव कराने का आदेश सभी आरक्षणों को समाप्त करने के दरवाजे खोल देगा, जैसा कि भाजपा, आरएसएस और उनके द्वारा पोषित जातीय संगठन समय समय पर उसे समाप्त करने को बयानबाजी और अन्य तिकड़में करते रहे हैं। आरक्षण समर्थक मतदाताओं के भय से भाजपा भले ही आयोग गठित करे अथवा हानि की भरपाई के लिए बयानबाजी करे, ये सभी जानते हैं कि मामले को न्यायालय की दहलीज तक ले जाने के पीछे भाजपा और उसकी सरकार ही है। ये भी सभी जानते हैं कि हिमाचल, दिल्ली में हुये चुनावों और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में हुये उपचुनावों में अधिकतर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा और फिलहाल वह उत्तर प्रदेश में निकाय चुनावों को टालना चाहती है। आरक्षण संबंधी विवाद पर निर्णय ने उसकी सभी मंशायें पूरी कर दी हैं। भाकपा निकाय ही नहीं कहीं भी आरक्षण को समाप्त करने के विरूध्द है और ऐसी चेष्टाओं को कामयाब नहीं होने देगी। आरक्षण समर्थक ताकते निश्चय ही इसे चुनौती देंगी और चुनाव पुनः टल सकते हैं। चेहरा छुपाने को भाजपा और उसकी सरकार भी फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकती है, भाकपा ने आशंका व्यक्त की है।

### चिकित्सालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों का हुआ चयन

**लखनऊ।** राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालय कर्मचारी महासंघ के नए पदाधिकारियों का चयन कर लिया गया है। मंगलवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश कार्यालय में नए पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। परिषद के नेता शिव बरन सिंह यादव ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। निर्वाचन के उपरान्त संरक्षण सतीश चन्द्र त्यागी ने संवर्गीय समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने नवनियुक्त प्रान्तीय अध्यक्ष कपिल राणा से चर्चा करते हुए आगे की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने सभी से अपना पूर्ण सहयोग किए जाने की अपील की। नवनियुक्त प्रान्तीय महामंत्री डीपी सिंह गौर ने शीघ्र ही प्रदेश स्तर से समस्याओं को संकलित कर क्रमानुसार चरणबद्ध ढंग से निस्तारण किए जाने के सम्बन्ध में संगठन का पक्ष रखा गया।

### अवैध कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर, बेशकीमती सरकारी जमीन पर कराया था निर्माण

**अमेठी।** सरकारी जमीन पर किये गए अवैध कब्जों पर प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। देर रात हाइवे किनारे पौधारोपण की सरकारी जमीन पर बनाये गए अवैध काम्प्लेक्स पर बुलडोजर चल गया। तिलोई तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने जेसीबी से पूरे काम्प्लेक्स को जमींदोज कर दिया। दरअसल ये पूरा मामला तिलोई तहसील के भेलाईकला गांव का है, जहां जायस रोड पर हाइवे किनारे स्थित बेशकीमती सुरक्षित जमीन पर गांव के मो यूनुस द्वारा अवैध कब्जा कर काम्प्लेक्स का निर्माण करवाया गया था। देर रात करीब आठ बजे बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स और राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तिलोई तहसीदार पवन शर्मा की मौजूदगी में अवैध काम्प्लेक्स को जमींदोज कर दिया गया। प्रशासन ने अवैध काम्प्लेक्स को गिराने के बाद जमीन को खाली करवा दिया। ये जमीन पौधारोपण के लिए सुरक्षित जमीन थी। हाइवे किनारे बेशकीमती सुरक्षित जमीन पर किये गए अवैध निर्माण की शिकायत कुछ दिन पहले प्रशासन से हुई थी। शिकायत के बाद डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए पूरे मामले की जांच करने के किये तहसील प्रशासन को निर्देश दिया था। डीएम के आदेश के बाद काम्प्लेक्स अवैध पाई गई, जिसके बाद प्रशासन ने काम्प्लेक्स पर बुलडोजर चलवा कर जमींदोज कर दिया।

### नाजिम बने मिशन मोदी अगेन के जिलाध्यक्ष

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर के अमहट निवासी नाजिम अली 2024 में मोदी को फिर से पीएम बनते देखना चाहते हैं। इसके लिये उन्होंने मिशन मोदी अगेन 2024 ज्वाइन किया है। इस एनजीओ में उन्हें जिलाध्यक्ष की भूमिका मिली है। उन्होंने कहा है कि हमारा मकसद है कि अधिक से अधिक अल्पसंख्कों को भाजपा से जोड़ा जाय। करीब तीन से चार महीने पहले नाजिम अली पुत्र मोहम्मद सज्जाद ने भाजपा का दामन थामा था। अब भाजपा अल्पसंख्क मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल हलीम ने हाल ही में उन्हें मिशन मोदी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। नाजिम को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष का माहौल है। नाजिम ने बताया कि ये गलत अफवाह फैलाई जा रही है कि भाजपा सरकार में अल्पसंख्क खासकर मुस्लिमों को प्रताड़ित किया जा रहा।

# उत्तर प्रदेश के दो स्थानों का नाम बदला

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दो स्थानों का नाम बदलने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश सरकार की सिफारिशों के बाद राज्य के दो स्थानों के नाम बदलने पर अपनी सहमति दे दी है। अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार को देते हुए बताया कि गोरखपुर में नगर पालिका परिषद मुंडेरा बाजार का नाम बदलकर चौरी-चौरा और देवरिया के तेलिया अफगान गांव का नाम बदलकर तेलिया शुक्ला करने के लिए गृह मंत्रालय ने एनओसी जारी कर दिया है। गृह मंत्रालय नाम परिवर्तन के प्रस्तावों पर संबंधित एजेंसियों के परामर्श के बाद मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार विचार करता है। एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय किसी भी स्थान का नाम बदलने के लिए रेल मंत्रालय, डाक विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से सहमति लेने के बाद प्रमाणपत्र देता है। किसी गांव, कस्बे या शहर का नाम बदलने के लिए कार्यकारी आदेश की आवश्यकता होती है। किसी राज्य का नाम बदलने के लिए संसद में साधारण बहुमत के साथ संविधान में संशोधन की आवश्यकता होती




**आदेश**

» **रेल मंत्रालय, डाक विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से सहमति लेने के बाद प्रमाणपत्र देता है**

है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इन दो स्थानों के नाम बदलने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से सिफारिश की थी। गृह मंत्रालय सरकार की सिफारिश पर रेल मंत्रालय, डाक विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से सहमति लेने के बाद नाम बदलने की अनुमति प्रदान कर दी है। इसके बाद गोरखपुर जिले में नगर पालिका परिषद श्मुंडेरा बाजारश् को श्चौरी-चौराश् और देवरिया जिले के श्तेलिया अफगानश् गांव को श्तेलिया शुक्लाश् के नाम से जाना जाएगा।

# अगले साल यूपी में होगा युवा खिलाड़ियों का महाकुंभ, नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करेगा प्रदेश

## करीब दो दर्जन खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे

**संवाददाता**

**लखनऊ।** योगी के यूपी में 2023 में नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स होने हैं। यह देश के युवा खिलाड़ियों का महाकुंभ जैसा आयोजन है। इसमें करीब 8000 खिलाड़ी और अन्य स्टाफ भाग लेंगे। यह पिछले आयोजन की तुलना में करीब दोगुना है। करीब दो दर्जन खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। आयोजन को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियां जारी हैं। प्रयास यह किया जा रहा है कि मेहमानों की मेजबानी हर लिहाज ( रहने, खाने, परिवहन, खेलों के मैदान ) से ऐसी हो कि यहां आए खिलाड़ी नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की छवि साथ लेकर जाएं। इन्हीं मुद्दों को केंद्र में रखकर इस बाबत शासन स्तर पर अभी 22 दिसंबर को उच्चस्तरीय बैठक भी हुई थी। इसमें विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल, भारतीय खेल प्राधिकरण के निदेशक संदीप प्रधान, खेलो इंडिया



की सीनियर निदेशक एकता विश्नोई के अलावा जिलों के भी खेल अधिकारी मौजूद थे। अप्रैल-मई तक लखनऊ में एक खेल गांव बस जाएगा। इस गांव में हर तरह एवं हर रेंज के चिकेन के कपड़े समेत लखनऊ की पहचान से जुड़े स्टॉल लगेंगे। लखनऊ के प्रमुख मेट्रो रेलवे स्टेशनों को भी नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की थीम पर सजाया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय में भी कमोबेश ऐसा ही नजारा होगा। जिन जिलों में नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स होंगे, वहां के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जहां भी खेल होंगे, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वहां विशेषज्ञ चिकित्सक एवं फिजियोथेरेपिस्ट भी रहेंगे।

आयोजन में कुल 22 खेल होंगे। अलग-अलग खेलों के लिए उन शहरों को चुना गया है, जहां उनकी परंपरा रही है और इनके लिए बुनियादी सुविधाएं भी मौजूद हैं। शासन स्तर से इन सुविधाओं को और बेहतर किए जाने के निर्देश भी दिए जा चुके हैं। मौके पर जाकर लगातार इनकी निगरानी भी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि पिछले राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी गेम में 85 रिकॉर्ड्स बने थे। इसमें से 65 लड़कियों के खाते में आये थे, इसलिए इनमें भी महिला खिलाड़ियों के खेल पर खास फोकस होगा। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण नवनीत सहगल का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश में एक नई खेल संस्कृति का विकास हो रहा है। स्थानीय स्तर पर सांसद, विधायक खेल प्रतियोगिता, हर जिले में खेलो इंडिया सेंटर, फोकस्ड तरीके से प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक जिला, एक खेल योजना, हर गांव में जिम आदि इसके प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री का यह भी मानना है कि ऐसे आयोजनों से युवा प्रतिभाओं की पहचान होती है। कोशिश है कि उन्हें तराशकर उनके प्रदर्शन को उच्चतम स्तर तक पहुंचाया जा सके।

# बंदी रक्षक पर साथियों ने बोला हमलाः कहा- खाने में गड़बड़ी करने की बात कही थी जिससे कैंटीन से हो खरीदारी

**रायबरेली।** रायबरेली जिला कारागार में तैनात एक बंदी रक्षक पर सोमवार की रात पांच साथियों ने जानलेवा हमला बोलकर खूब मारपीट की। इससे बंदी रक्षक घायल हो गया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बंदी रक्षक ने सदर कोतवाली में साथी बंदी रक्षकों के खिलाफ तहरीर दी है। पैसों के खातिर विवाद होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि जेल में तैनात बंदी रक्षक मुकेश दुबे अपनी ड्यूटी खत्म होने के बाद जेल गेट से बाहर निकले। इसी दौरान पीछे से जेल में



ही तैनात 5 बंदी रक्षकों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इससे बंदी रक्षक घायल हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर उसकी पत्नी और बच्चे उसको बचाने दौड़े लेकिन तब तक हमलावर सिपाही मौके से भाग खड़े हुए। आनन फानन घायल सिपाही को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है।

हमले में घायल सिपाही मुकेश दुबे ने बताया कि मेरी ड्यूटी भंडारे में लगी हुई है और जिन लोगों ने हमला किया है वह जेल के अंदर कैंटीन चलाते हैं। पिछले एक महीने से कैंटीन चलाने वाले जेल के सिपाही बराबर दबाव बना रहे थे कि कैदियों को मिलने वाले खाने में गड़बड़ी करो ताकि जेल में बंद बंदी खाना कैंटीन से ले लेकिन मैंने ईमानदारी से बंदियों को मिलने वाले खाने की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया। इसी से नाराज होकर जेल गेट के सामने कैंटीन चलाने वाले पांचों बंदी रक्षक ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया।

# ओबीसी आरक्षण के बिना नहीं होंगे निकाय चुनावः केशव

**संवाददाता**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने आज उत्तर प्रदेश में होने जा रहे निकाय चुनावों को लेकर ओबीसी आरक्षण पर अपना फैसला सुना दिया। हाईकोर्ट ने 05 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट अधिसूचना रद्द करने और बिना ओबीसी आरक्षण के ही चुनाव करवाने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश किया है कि प्रदेश में जल्द ही निकाय चुनाव करवाए जाएं और ओबीसी आरक्षण के लिए नए सिरे से ट्रिपल टेस्ट करवाए जाएं। नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश का विस्तृत अध्ययन कर विधि विशेषज्ञों से परामर्श के बाद सरकार के स्तर पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा,परंतु पिछड़े वर्ग के अधिकारों को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। फैसले के तुरंत बाद यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया कि पिछले वर्ग के अधिकारों के लिए किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।उनके ट्वीट के अनुसार, नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश का विस्तृत अध्ययन कर विधि विशेषज्ञों से परामर्श के बाद सरकार के स्तर पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा,परंतु पिछड़े वर्ग के अधिकारों को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की तैयारी, सीएचसी में हेल्थ एटीएम मशीन का हुआ उद्धाटन

**अमेठी।** जिले के सरकारी अस्पतालों में इलाज की सुविधाएं अब और हाईटेक होगी। स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिये जिले के मुसाफिरखाना सीएचसी में हेल्थ एटीएम मशीन का उद्धाटन किया गया। इसका उद्धाटन आज भाजपा मंडल अध्यक्ष मुसाफिरखाना महेंद्र कुमार मिश्र ने किया। दो दिन पहले ही अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के दौरे पर आई केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी ने जिले के दस सीएचसी में लगने वाले हेल्थ एटीएम मशीन का कलेक्ट्रेट में लोकार्पण किया था। सांसद के लोकार्पण के बाद आज सभी सीएचसी में इसको लगाया गया। बता दे कि सीएचसी पर हेल्थ एटीएम पहुंचने से निश्चित ही मरीजों को बड़ा लाभ मिलने वाला है। सीएचसी मुसाफिरखाना में तैनात एलटी चाँदनी शाही ने बताया कि एटीएम हेल्थ मशीन के जरिए शरीर की स्क्रीनिंग होगी।इसमें बीपी, प्लस आक्सीमीटर, ईसीजी, एचबी शुगर, एचबीएएनसी, पीआरएल, थाइराइड, डी डाईमर, ट्रॉपनिन आई और डब्लूबीसी आदि की जांच करा सकेंगे। इस हेल्थ मशीन में 42 अलग अलग प्रकार की जांचे होंगी।इससे मरीजों को न सिर्फ लंबी लाइन से छुटकारा मिलेगा।

# पंचायत भवन की जमीन पर बनाया मकान-दुकान

**बहराइच।** दबंगई का आलम ये है कि पंचायत भवन की जमीन तो कब्जाई ही, मकान बनाकर किराए पर भी उठा दिया। बात हो रही है विकासखंड के ग्राम पंचायत पुरैना में ग्राम पंचायत की प्रस्तावित जमीन की। वर्तमान ग्राम प्रधान ने पंचायत भवन की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करवाने व आने वाले किराए को ग्राम पंचायत के खाते में जमा करवाने की मांग की है। विशेश्वरगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरैना के ग्राम प्रधान देवेश कुमार मिश्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व प्रधान रामउदित मिश्रा ने वर्ष 1962 गांव के गाटा संख्या 255 पर दर्ज भूमि का चयन पंचायत

**कब्जा**

» **सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करवाने व आने वाले किराए को ग्राम पंचायत के खाते में जमा करवाने की मांग की**

» **ग्राम पंचायत की खाली पड़ी गाटा संख्या 1858 की भूमि को पंचायत भवन के लिए चुना था**

भवन के लिए किया था। वहीं गाटा संख्या 254 को क्रीड़ा स्थल के रुप में चुना था। चकबंदी के बाद नई खतौनी में इसी भूमि को गाटा संख्या 1858 पर दर्ज कर पंचायत भवन के लिए चयनित किया गया था। इस पर कुछ भूमाफियाओं ने कब्जा कर अवैध रूप से पक्का निर्माण कर लिया है। करोड़ों के मालियत की लगभग 18 बिसवा सरकारी भूमि पर कब्जेदारों ने एक दो मंजिला मकान व छह दुकान का निर्माण करवा कर इसे किराए पर दे दिया। इसके चलते गांव में पंचायत भवन का निर्माण अधर में अटक गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायत की गयी है, लेकिन कार्रवाई शिथिल है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है।

निवर्तमान प्रधान संजू देवी ने बताया चयनित भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण करवाने के लिए 19 अगस्त 2020 को सभी सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी। इसमें सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से ग्राम पंचायत की खाली पड़ी गाटा संख्या 1858 की भूमि को पंचायत भवन के लिए चुना था। बैठक में निर्माण का प्रस्ताव पारित कर भेज दिया गया था। लेकिन भूमाफिया ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिली भगत कर उस भूमि पर कब्जा कर लिया। तात्कालिक प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कुमार ने जिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर शिकायत की थी।

# कुत्तों ने 14 साल के लड़के को काटा,सृष्टि अपार्टमेंट में टहलते समय झुंड में किया हमला

**संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ के सृष्टि अपार्टमेंट में 6 से ज्यादा कुत्तों ने एक लड़के पर हमला कर दिया। इस घटना में लड़का बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसके शोर मचाने पर कुत्ते वहां से भाग गए। परिजनों को जानकारी हुई तो वे प्रणव को लेकर नजदीक के अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद लड़के को घर भेज दिया। प्रणव राय (14) सृष्टि अपार्टमेंट में अपने परिवार के साथ रहता है। मंगलवार दोपहर में वह अपार्टमेंट में टहल रहा था। तभी उनके ऊपर कुत्तों ने झुंड में हमला कर दिया। कुत्तों ने उसके हाथ को नोच लिया। उसके घायल होने की सूचना मिलने के बाद पड़ोसी वहां पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने इस घटना को लेकर नगर निगम और एलडीए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। उन्होंने एलडीए वीसी और नगर आयुक्त से शिकायत दर्ज कराने की बात कही गई है। बताया गया कि अगर जल्द ही यहां के आवारा कुत्तों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो हम विरोध करने को विवश होंगे। स्थानीय निवासी विवेक वर्मा ने बताया कि यहां पहले भी ऐसे हादसे होते रहते है।

### देर रात तीन घरों में चोरी, नकदी और जेवरात लेकर चोर फरार

**बहराइच।** जिले में फखरपुर थाना क्षेत्र में तीन घरों में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बीती रात चोर मकानों से नकदी समेत लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच--पड़ताल की। पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। फखरपुर थाने के नकौड़ा के मजरे भुजंगपुरवा निवासी अजय कुमार वर्मा पुत्र घर में खिड़की के रास्ते चोर घुसे। चोरों ने पूरा घर खंगाल डाला। चोर इस घर से 95 हजार नकदी, 12 थान सोने और छह थान चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

# महिला हक अधिकार महारैली में पहुंचे ओपी राजभर

**सुलतानपुर।** ओम प्रकाश राजभर महिला हक अधिकार महारैली में मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुये कहा कि इनसे हक की बात करिये तो बुरा है, इनके साथ लोडर बनकर रहिये तो अच्छी बात है। अखंडनगर के बेलारा बाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम में ओपी राजभर ने मीडिया से बात करते हुये आगे कहा कि चार बार की सरकार में अति पिछड़ो के साथ अन्याय हुआ। अति पिछड़ो को समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार में क्या दिया? समाजवादी पार्टी को चिढ़ इस बात की है कि अति पिछड़ो की कोई बात कर सकता है तो वो मैं ही हूं। उन्होंने ये भी कहा कि निकाय चुनाव वे बिना किसी गठबंधन के अकेले लड़ेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 में गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि चार-छह महीने बचे होंगे तो फैसला किया जायेगा कि गठबंधन किसके साथ किया जाये।

# लविवि व संस्कृति विभाग कला-संस्कृति के लिए मिलकर करेंगे काम

**संवाददाता**

**लखनऊ।** काकोरी स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेडियो जयघोष का उद्घाटन संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु किया था। इसी क्रम में मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय व संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष के बीच एक एमओयू किया गया। जिससे कला, संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र में दोनों संस्थान साथ मिलकर काम करेंगे और एक-दूसरे का सहयोग भी करेंगे। मुख्य अतिथि उपस्थित संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध है। जरूरत अवसरों के उपयोग की है, जिसमें

**सहयोग**

» **लखनऊ विश्वविद्यालय व संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष के बीच एक एमओयू किया गया**

युवाओं को भागीदार होना है। इस कार्य में रेडियो जयघोष अहम कड़ी साबित होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रदेश के हर हिस्से से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं। एक तरह से विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है। हमारे प्रयासों को समाज के बीच ले जाने और विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए रेडियो जयघोष में



नियमित अवसर मिलेंगे।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि अनुबंध के तहत संचालित गतिविधियों से प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विषयों के साथ ही शोध कार्यों पर विमर्श बढ़ेगा। रेडियो जयघोष संस्कृति विभाग की स्वायत्त इकाई, संगीत नाटक अकादमी में संचालित है। उन्होंने बताया कि अनुबंध के तहत रेडियो जयघोष के साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी कार्यक्रम बनाने और प्रसारण की प्रक्रिया में सहभागी होंगे। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनंद कुमार, संगीत नाटक अकादमी के सचिव तरुण राज, रेडियो जयघोष के कोऑर्डिनेटर दुर्गेश पाठक, राधेश्याम दीक्षित, सुष्मित त्रिपाठी, समरीन सिद्दीकी आदि उपस्थित थे।

पर्यटन मंत्री को पर्यटन एंबेस्डर अवार्ड लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान द्वारा हर वर्ष पर्यटन एंबेस्डर अवार्ड पर्यटन के क्षेत्र में विशेष योगदान करने वाले को दिया जाता है। इस बार पर्यटन एम्बेस्डर एवार्ड-2022 प्रदेश में पर्यटन के संवर्धन व समृद्धि में कार्यों और समर्पित नेतृत्व के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को दिया गया।

### आरक्षण खत्म करने के लिए सरकार जिम्मेदार-रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने ओबीसी आरक्षण खत्म करने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये भाजपा सरकार को आरक्षण खत्म करने के लिए पूरी तरीके से जिम्मेंदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि बगैर ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव की परिकल्पना भी व्यर्थ है। उत्तर प्रदेश सरकार ने साजिश के तहत उच्च न्यायालय में सही तथ्य जानबूझकर प्रस्तुत नहीं किये जिससे कि उत्तर प्रदेश के पिछडों को आरक्षण से वंचित किया जा सके। प्रदेश सरकार ने यदि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का अनुपालन करते हुये ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था को समय से निर्धारित किया होता तो ओबीसी समाज के साथ न्याय होता।

## संक्षिप्त समाचार

### सनकी पति की हैवानियत, संतान न होने पर पत्नी के प्राइवेट पार्ट पर ब्लेड से किये वार

**लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पति की हैवानियत का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने संतान न होने पर अपनी पत्नी के साथ प्राइवेट पार्ट पर ब्लेड से वार कर दिया। महिला ने अपने परिवार वालों को सूचना दी तो उसके भाई ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गोसाईंगंज रोड पर पड़ने वाले एक गांव युवक की शादी 6 साल पहले सुशांत गोल्फसिटी क्षेत्र की एक युवती से हुई थी। दोनों को कोई संतान नहीं हो रही थी। इसको लेकर कई बार विवाद हो चुका था। लड़की के परिजनों के मुताबिक, दोनों में विवाद के बाद 3 महीने से विवाहिता अपने मायके में रह रही थी। लेकिन सोमवार को उसका पति काफी मान मनौव्वल कर सुलह समझौता कर उसे अपने साथ घर ले गया। आरोप है कि उसने पहले पत्नी के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसने फिर झगड़ा किया। पीड़िता ने संबंध बनाने से मना किया तो उसने हैवानियत की सारी हदें पार कर उसके प्राइवेट पार्ट और सीने पर ब्लेड से कई वार कर दिये। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की हालत बिगड़ गई तो उसने अपने भाई को फोन करके पूरी आपबीती बताई। इसके बाद आनन फानन में उसका भाई उसके घर पहुंचा और एक महिला अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर मोहनलाल गंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। एडीसीपी साउथ मनीषा सिंह ने घटना के बारे में बताया, पीड़िता के भाई की ओर से तहरीर दी गई है, जिसमें निजी अंगों में ब्लेड से वार करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द आरोपी को भी गिरफ्तार किया जाएगा। एक टीम आरोपी की तलाश में जुट गई है। महिला की हालत गंभीर है बनी हुई है।

### पीजीआई की इमरजेंसी बिल्डिंग से 25 लाख का सामान चोरी, जांच-पड़ताल में जुटी

**लखनऊ।** रायबरेली रोड स्थित एसजीपीजीआई संस्थान की इमरजेंसी बिल्डिंग से नेटवर्किंग स्विच चोरी हो गए। चोरी किए गए स्विच की कीमत करीब 25 लाख बताई जा रही है। फिलहाल पीजीआई पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। लखनऊ के हजरतगंज के कसमंडा हाउस निवासी सौरभ पाल ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सौरभ पाल ने निजी टेक्नोलॉजी कंपनी की ओर से पीजीआई में सर्वर सेटअप का काम पूरा किया है। सौरभ के मुताबिक बीते 18 दिसंबर को फोन पर सूचना मिली कि इमरजेंसी बिल्डिंग में सर्वर रूम के ताले टूटे हुए मिले हैं। जिसके बाद सौरभ इमरजेंसी बिल्डिंग पहुंचे। बिल्डिंग के अंदर सर्वर रूम का ताला तोड़कर रैक में लगे बैब्र कंपनी के स्विच गायब मिले। जिनकी कीमत लाखों में है। सौरभ के मुताबिक इस घटना को वही अंजाम दे सकता है जिसे नेटवर्किंग के बारे में अच्छी जानकारी हो। क्योंकि वही स्विच चोरी किए गए हैं जो बंद हो या जिनमे नेटवर्क बंद हो। उन्होंने नेटवर्क मैनेज करने वाले हर्ष और आकाश पर भी संदेह जताया है। सौरभ ने बताया कि पीजीआई संस्थान के कुछ ब्लॉक के सर्वर रूम में अभी भी पीजीआई के ताले लगे हैं। जिसमें उन्हें प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिल पा रही। ब्लॉक में प्रवेश करने की अनुमति मिलने के बाद ही कुल नुकसान का अनुमान लगाया जा सकेगा। पीजीआई थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### बिल न चुकाने पर मरीज को बनाया बंधक,पीड़ित ने सीएम और डिप्टी सीएम से की शिकायत

**लखनऊ।** राजधानी में एक निजी अस्पताल में मरीज को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। वीडियो वायरल कर मरीज ने मामले में सीएम योगी और डिप्टी सीएम से शिकायत की है। जिसमें मरीज कह रहा है कि मेरा बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से बीमा है। 15 दिसंबर को पैर,हाथ और पेट की सर्जरी के लिए चंदन अस्पताल में भर्ती हुआ था। भर्ती के दौरान अस्पताल ने बीमा कंपनी से सहमति मांगी थी। जिसे बीमा कंपनी ने अस्वीकार भी कर दिया। जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई। अब 22 दिसंबर को अस्पताल ने दो लाख 34 हजार रुपए का बिल देकर डिस्चार्ज कर दिया। इस दौरान अस्पताल के स्टाफ ने कहा कि आप नगद भुगतान कर घर जा सकते हैं। मैंने नगद भुगतान की असमर्थता जताई तो मुझे रोक लिया गया। मुझे अस्पताल के एक छोटे से कमरे में रखा गया है। पिछले पांच दिनों से पैर की पट्टी भी नहीं बदली गई है। 4 दिनों से न ही इलाज किया जा रहा है। न ही खाना दिया जा रहा है। जबरन अस्पताल मुझे बंधक बनाकर रखा है। अस्पताल के स्टाफ लगातार आकर मुझे धमका रहे हैं। पीड़ित कृष्णा लाल यादव बस्ती जिले के पोखरनी का रहने वाला है। चंदन अस्पताल के एमडी डॉ. फारूख अंसारी ने बताया कि मैं कुछ दिन से बाहर हूं, चिकित्सा अधीक्षक ही इस बारे में बता सकते हैं। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राज गोपाल रेड्डी ने बताया कि बिल जमा नहीं होने के कारण मरीज का इलाज और ड्रेसिंग नहीं हो रहा हैं। फिर होने पर ही उसे डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

### 153 पुलिसकर्मियों के 58 लाख रुपये का नहीं मिल रहा हिसाब

**बस्ती।** जिले में तैनात पुलिस कर्मियों के वेतन बचत पंजिका में 2.52 करोड़ रुपये का ब्योरा नहीं मिलने की जांच सोमवार को एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने शुरू की। हालांकि जांच शुरू होने से पहले आंकिक शाखा की टीम ने काफी हद तक अभिलेखों को दुरुस्त कर लिया। मगर अभी भी करीब 153 पुलिस कर्मियों के वेतन बचत का करीब 58 लाख रुपये का लेखाजोखा नहीं मिल सका है। बता दें कि डीआईजी आरके भारद्वाज के वार्षिक निरीक्षण के दौरान 1087 पुलिसकर्मियों के 2 करोड़ 52 लाख रुपये के वेतन बचत के भुगतान का रिकॉर्ड नहीं मिल सका था। ऐसे में डीआईजी ने एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी को जांच का आदेश दिया था। इसके लिए सात दिन की समय सीमा तय की गई है। जांच में 2015 से लेकर 2022 तक हिसाब खंगाला जा रहा है। इस अवधि में कितने पुलिसकर्मियों की सेविंग बुक में धनराशि दर्ज हुई थी, उसका मिलान कराया जा रहा है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आखिर किस कारण या चूक की वजह से इसका ब्योरा दर्ज नहीं किया गया। एएसपी के मुताबिक जांच शुरू कर दी गई है। समय सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी। पुलिस विभाग में जिस पुलिस कर्मचारी का किन्हीं परिस्थितियों में वेतन रोक दिया जाता है, उसे वेतन बचत रजिस्टर में अंकित किया जाता है। हालांकि यह रकम ट्रेजरी में ही पड़ी रहती है, मगर इसका लेखाजोखा एसपी कार्यालय के आंकिक शाखा में रखा जाता है। रुके वेतन के बारे में संबंधित पुलिस कर्मी की अधिकारियों से पैरवी अथवा सफाई पेश करने के बाद जब पुनः वेतन भुगतान का आदेश होता है, तब इस रकम का बिल बनाकर ट्रेजरी में प्रस्तुत किया जाता है और इसका संबंधित कर्मचारी के खाते में भुगतान होता है। बस्ती पुलिस कार्यालय की तरह सिद्धार्थनगर जिले की आंकिक शाखा में भी बचत वेतन की रकम का लेखा जोखा नहीं पाया गया था। ऐसे में सोमवार को डीआईजी ने सोमवार को रेंज कार्यालय में सिद्धार्थनगर पुलिस कार्यालय के आंकिक शाखा के कर्मचारियों को तलब किया था। उन कर्मचारियों ने पंजिका अद्यतन न होने की दलील दी और इसके लिए मोहलत मांगी। मगर डीआईजी ने उन्हें रेंज कार्यालय में बैठकर ही अपने अभिलेख अपडेट करने की हिदायत दी।

### 413 बीमार स्कूली वाहनों से ढोए जा रहे नौनिहाल

**बस्ती।** मंडल के तीनों जिलों में 413 स्कूली वाहनों ने फिटनेस जांच नहीं कराई है। इसके कारण नौनिहाल खतरों के बीच स्कूल जाने को मजबूर हो रहे हैं। आरटीओ प्रशासन का कहना है कि सख्ती बरती जा रही है और जांच के दौरान अगर फिटनेस नहीं पाई जा रही है तो पंजीयन निलंबित कर निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए स्कूलों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। मंडल के बस्ती जिले में कुल 852 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं। इनमें अब तक 157 वाहनों का फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं बन सका है। यह संख्या पूरे बस्ती मंडल के तीनों जिलों में सबसे अधिक बताई जा रही है। इसके बाद संतकबीरनगर में कुल 542 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें 135 वाहनों की फिटनेस जांच नहीं हो सकी है। वहीं सिद्धार्थनगर के कुल पंजीकृत 530 वाहनों में 121 का प्रमाणपत्र नहीं जारी हो सका है। इसका सीधा सा अर्थ है कि पूरे मंडल के कुल वाहनों में 20 फीसदी से भी अधिक वाहनों की फिटनेस जांच नहीं हो सकी है। जबकि इधर घने कोहरे की धुंध बढ़ती जा रही है और बच्चे अर्धवार्षिक परीक्षा के दौर से गुजर रहे हैं। इसके बाद सर्दी की छुट्टियां होनी हैं। लिहाजा वाहन मालिक व स्कूल प्रबंधन हाथ पर हाथ रखकर समय काटने का इंतजार कर रहे हैं और जब स्कूल खुलेंगे तब अगर चाबुक पड़ा तो फिटनेस करवाएंगे अन्यथा बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ यूं ही चलता रहेगा।

### नये साल में लखनऊ आयेंगे नड्डा, कार्यसमिति की बैठक में लेंगे भाग

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की नई टीम को लेकर अटकलें तेज हो गईं हैं। नववर्ष यानि जनवरी में बीजेपी जनवरी में यूपी के लिए नई टीम का एलान कर सकती है। बीजेपी मिशन फतह 2024 की प्लानिंग कर रही है। बीजेपी में रेस्ट नाम की चीज नहीं है। निकाय चुनाव हुआ तो पहले उसे निपटाएंगे,यदि आगे बढ़ जाता है तो 2024 की तैयारी में जुट जायेंगे। सोमवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान चुनावों को देखते हुए प्रभावी मतदाता सम्मेलन कराने की रणनीति बनी है। इसी के मार्फत पार्टी मतदाताओं से सीधा संवाद करेगी। भाजपा के मोर्चों की संयुक्त कार्यसमिति कराने पर भी मंथन किया गया। भाजपा के सभी सात मोर्चों की संयुक्त कार्यसमिति की बैठक जनवरी के अंतिम सप्ताह में या फरवरी के पहले सप्ताह में हो सकती है। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय पदाधिकारी आ सकते हैं। सम्मेलनों के माध्यम से भाजपा 2024 आमचुनाव की अपनी कार्ययोजना को आगे बढ़ाएगी। प्रभावी मतदाता सम्मेलन की तैयारी है।

# यूपी के अस्पतालों में मॉक ड्रिल, खुद जायजा लेने अस्पताल पहुंचे ब्रजेश पाठक

## ठंड से कांपते मरीज को अपनी सदरी उतार कर पहनाई

**लखनऊ।** कोरोना वायरस संक्रमण की संभावित लहर के मद्देनजर आपात स्थिति में तैयारियों के आकलन के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में 'मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) किया गया। राज्य में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग मामलों के मंत्री और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक यहां राजधानी लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में किये गये पूर्वाभ्यास में शामिल हुए और भरोसा जताया कि उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर अब कोई खतरा नहीं है, फिर भी हम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। बलरामपुर अस्पताल में उप मुख्यमंत्री पाठक ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए ठंड से कांपते एक मरीज को अपनी सदरी (जैकेट) निकालकर पहना दी।

युवक हाड़ कंपाती ठंड में सिर्फ एक टीशर्ट पहने हुए था। युवक का नाम बनवारी है और वह खुदरी बाजार लखनऊ का रहने वाला है। 'मॉकड्रिल के बाद बलरामपुर अस्पताल में पत्रकारों से बातचीत में ब्रजेश पाठक ने कहा, ''कोविड-19 की तैयारियों के अवलोकन के लिए आज राज्य के सभी अस्पतालों में 'मॉकड्रिल की जा रही है।

मैं आज लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल आया हूं और खुद ऑक्सीजन प्रवाह और वेंटिलेटर की जांच की है। उन्होंने सब कुछ ठीक-ठाक होने का दावा करते हुए कहा कि मेडिकल स्टाफ, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ के साथ आपात स्थिति में सभी लोग उपस्थित रहेंगे और सभी इस बात की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे कि यदि कोई संक्रमित मरीज आता है तो उसे भर्ती कर बेहतर इलाज करें। उन्होंने कहा कि राज्य भर में पूरी व्यवस्था बेहतर ढंग से की जा रही है। पाठक ने यह भी कहा, ''राज्य भर के अस्पतालों में 'मॉकड्रिल में कम से कम एक वरिष्ठ अधिकारी, विधायक या मंत्री मौजूद हैं।



अन्य देशों में कोविड-19 के मामले हैं लेकिन हमारे राज्य में अभी संक्रमण का खतरा नहीं है, फिर भी हम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) के नेतृत्व में एक साथ मिलकर कोरोना वायरस को हराएंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से घबराने की जरूरत नहीं है, सिर्फ सतर्कता की जरूरत है और अगर आपके परिवार में, पड़ोस में कोई विदेश से कोई लौटकर आता है तो उसकी जानकारी प्रशासन को जरूर दें, ताकि उनकी जांच कराई जा सके। इससे यदि संक्रमण फैलता है तो उस वायरस के स्वरूप की जानकारी मिल सकेगी। कांग्रेस की ''भारत जोड़ो यात्रा और विपक्षी दलों को न्योता देने के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह उनका निजी मामला है कि वे किसे आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ''भारत जोड़ो यात्रा 'फ्लॉप है और यह मजाक बनकर रह गयी है।

### जनवरी से यूपी के लिए मिशन 2024 शुरू करेगी बीजेपी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनवरी से उत्तर प्रदेश के लिए अपना मिशन 2024 शुरू करेगी। आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से अधिक से अधिक सीटें जीतने की पार्टी की कवायद तब शुरू होगी, जब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, महासचिव बीएल संतोष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगले महीने राज्य का दौरा करेंगे। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा, इन नेताओं के कार्यक्रम को जनवरी के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है। निर्वाचन क्षेत्रवार मूल्यांकन की प्रक्रिया और उसके बाद उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी कई मौजूदा सांसदों को रिप्लेस करेगी, जिन्होंने 75 साल की उम्र सीमा पार कर ली है। जिन लोगों को अंडर-परफॉर्मर पाया गया है, उन्हें एंटी-इनकंबेंसी फैक्टर का मुकाबला करने के लिए भी बदला जा सकता है। जाहिर तौर पर भाजपा नेतृत्व यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव होने पर कोई बागी उम्मीदवार न हो। सूत्र ने कहा, हमने देखा है कि कैसे हिमाचल प्रदेश में बागी उम्मीदवारों ने हमें नुकसान पहुंचाया है और हम ये उत्तर प्रदेश में दोहराना नहीं चाहते। मुद्दों को पहले ही तय कर लिया जाएगा ताकि ऐसे कारकों को कमजोर किया जा सके। पदाधिकारी ने कहा कि उम्मीदवार चयन की प्राथमिकता सूची में उम्मीदवार का प्रदर्शन ही एकमात्र आधार होगा।

# नेपाल सीमा पर सुरक्षा कवच तैयार करेगी पुलिस

## हर गांव में 10 लोगों की तैयार की टीम

**गोरखपुर।** नेपाल बॉर्डर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ ही आम नागरिकों की भी मदद ली जाएगी। प्रदेश सरकार के आदेश पर पुलिस नेपाल से सटे सात जिलों में ग्राम सुरक्षा समितियों

**सुरक्षा**
- » ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ ही आम नागरिकों की भी मदद ली जाएगी
- » पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर आम लोगों की मदद मांगने की रणनीति तैयार की

का गठन कर चुकी है। अब एडीजी ने पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर आम लोगों की मदद मांगने की रणनीति तैयार की है। हर गांव में 10 लोगों की टोली तैयार की गई है, जो हर गलत गतिविधि की जानकारी पुलिस तक



पहुंचाएंगे। पुलिस उनसे संपर्क में रहेगी। जानकारी के मुताबिक, एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने इसे कवच नाम दिया है। इसके तहत पुलिस काम करेगी। दरअसल, एडीजी जोन को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। ग्राम सुरक्षा समिति में भूतपूर्व सैनिक या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिले से नेपाल की 570 किलोमीटर सीमा लगी है। दोनों देश में आने जाने के लिए सोनौली, खूंनवा, रुपईडीहा के अलावा 300 से अधिक पगडंडियां हैं, जिससे होकर लोग आते-जाते हैं।

इन रास्तों से देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों के घुसपैठ करने व तस्करी की संभावना बनी रहती हैं। इसे देखते हुए ग्राम सुरक्षा समिति और अब आम लोगों की मदद ली जा रही है। हर छोटी बड़ी आपराधिक घटना की जानकारी देना इनकी जिम्मेदारी होगी।

### क्रिटिकल मरीजों के लिए एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस उपलब्ध

**गोरखपुर।** वेंटिलेटर की आवश्यकता वाले क्रिटिकल मरीजों के लिए जिले में एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा डॉक्टर की सलाह और रेफरल के बाद सरकारी अस्पताल से सरकारी अस्पताल तक के लिए 0522-2466510 नंबर पर कॉल करने के हासिल की जा सकती है। यह जानकारी सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने दी। बताया कि सेवा का संचालन कर रही संस्था ने अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में पांच-पांच स्ट्रेचर भी दिए हैं। जिले में चार एएलएस एंबुलेंस मौजूद हैं, जो जिला अस्पताल से बीआरडी मेडिकल कॉलेज तक और आवश्यकता पड़ने पर मेडिकल कॉलेज से जिले के बाहर के उच्च चिकित्सा संस्थानों तक सुविधा देगी।

# अब हर शुक्रवार को लगेगी गांव में चौपाल: केशव

संवाददाता

**लखनऊ।** अबगावों में हर शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगेगी और मौके पर ही समस्याओं का समाधान होगा। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मोर्या ने ट्वीट कर दी जानकारी है।उत्तर प्रदेश के गावों की समस्या के समाधान के लिए ग्राम विकास विभाग ने एक नया तरीका अपनाया है। ग्राम विकास विभाग ने हर शुक्रवार को गांवों में ग्राम चौपाल लगाने का फैसला किया है। इसकी शुरुआत यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य द्वारा पीएम मोदी संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 30 दिसंबर को की जाएगी। यूपी सरकार में ग्राम विकास विभाग संभाल रहे केशव प्रसाद मोर्या ने इस बात की जानकारी ट्वीट कर के दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा,प्रत्येक शुक्रवार ग्राम विकास विभाग ग्राम चौपाल करेगा। इसी ट्वीट में मौर्य ने कहा, काशी के लाड़ले सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र बाबा विश्वनाथ जी



**समाधान**
- » मकसद, गांव की समस्या गांव में समाधान
- » गावों की समस्या के समाधान के लिए ग्राम विकास विभाग ने एक नया तरीका अपनाया

के धाम काशी से 30 दिसंबर शुक्रवार को होगा श्रीगणेश। चौपाल में रहूंगा मौजूद। कार्यक्रम का मकसद गांव की समस्या-गांव में समाधान है।

# संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष और लखनऊ विश्वविद्यालय के मध्य हुआ अनुबंध

**लखनऊ।** काकोरी कांड स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेडियो जयघोष का उदघाटन संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु किया था। इसी दिशा मे लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय तथा मंत्री संस्कृति और पर्यटन जयवीर सिंह की उपस्थिति में संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच मंगलवार को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

जिससे कला,संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र मे मिलकर सहयोग कार्य करने पर बढावा दिया जा सके। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध है। जरूरत अवसरों के उपयोग की है जिसमें युवाओं को भागीदार होना है। इस कार्य में रेडियो जयघोष अहम कड़ी साबित होगा।

कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रदेश के हर हिस्से से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं। एक तरह से विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है। हमें खुशी है कि हमारे प्रयासों को समाज के बीच ले जाने, विद्यार्थियों की प्रतिभा को रेडियो जयघोष के रूप में नियमित अवसर हासिल होंगे। वहीं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि अनुबंध के तहत संचालित गतिविधियों से प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विषयों के साथ ही शोधकार्यों पर विमर्श बढ़ेगा।

# नाले में युवक का शव मिलने से मची सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

**देवरिया।** देवरिया जिले के गौरी बाजार क्षेत्र के बर्द गोनियां गांव में 35 वर्षीय एक युवक का शव मंगलवार की सुबह नकटा नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुबह टहलने निकले बर्दगोनियां के ग्रामीणों ने नकटा नाले के किनारे पड़ा किसी व्यक्ति का मोबाइल, पैंट तथा चप्पल देखी। ग्रामीणों को कुछ आशंका हुई तो वे नाले के और नजदीक गए। नाले के पास पहुंचते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए। नाले में उतराए एक युवक का शव देखकर ग्रामीण शोर मचाने लगे। थोड़ी ही देर में वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां जुट गए। ग्रामीणों में से किसी ने डॉयल 112 पर इसकी सूचना स्थानीय



पुलिस को दी। पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे एसएसआई महेंद्र मोहन मिश्रा ने नाले से शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान 35 वर्षीय हृदयानंद गिरी पुत्र राममूरत गिरी निवासी ग्राम बटुलही थाना रुद्रपुर के रूप में की। परिजनों के अनुसार, हृदयानंद आसपास के क्षेत्रों में पेंटिंग का काम करता था। कुछ दिनों से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। पुलिस के अनुसार हृदयानंद की मौत नकटा नाले में डूबने से हुई है। उसके शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं पाया गया। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि घटनास्थल की दूरी उसके घर से लगभग दो किलोमीटर है। वह कब, कैसे तथा किन परिस्थितियों में यहां पहुंचा, यह रहस्य बना हुआ है।

नाले के किनारे मृतक की पैंट, चप्पल तथा मोबाइल पाया जाना भी संदेह पैदा करता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जहां से मृतक का शव बरामद किया गया वहां नाले की गहराई कम है। इससे नाले के किनारे शौच के दौरान पानी में डूबने की बात भी लोगों के गले नहीं उतर रही है। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह पता चल सकेगी।

### गन्ना लदी ट्रॉली से टकराई कार, दो लोग घायल

**बस्ती।** रुधौली थाना क्षेत्र के बस्ती-बांसी मार्ग पर धनघटा गांव के मोड़ के समीप सोमवार देर रात पिकअप के ओवरटेक के चक्कर में कार व गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर हो गई। इससे कार में सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र ने दोनों को थाने के वाहन से सीएचसी रुधौली में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# देवरिया में ड्यूटी छोड़ दावत खाने गए तीन सिपाही, एसपी ने किया निलंबित

**देवरिया।** पुलिस पिकेट से ड्यूटी छोड़कर दावत खाने वाले तीन सिपाहियों को एसपी ने सोमवार को निलंबित कर दिया। जांच में मामला सही पाए जाने के बाद एसपी ने यह कार्रवाई की है। तीनों कुछ दिन पहले नगर पालिकाध्यक्ष पद के दावेदार के यहां रात में भोज में शामिल हुए थे। शिकायत होने पर क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में जांच चल रही थी।

सुरौली थाने में तैनात बृजेश कुमार, मुकेश सिंह व आकाश गुप्ता क्षेत्र के नगर पालिकाध्यक्ष पद के उम्मीदवार शैलेंद्र यादव के यहां 16 दिसंबर की रात को दावत खाने गए थे। इसी बीच रूद्रपुर मोड़ के पास गश्त कर रहे क्षेत्राधिकारी को किसी ने इसकी सूचना देकर बताया कि कतरारी चौराहे के पास एक निर्माणाधीन मकान में तीन पुलिसकर्मी अध्यक्ष पद के एक उम्मीदवार के यहां दावत खा रहे हैं। क्षेत्राधिकारी ने एसओजी प्रभारी अनिल अनिल यादव को मौके पर जाने को कहा, टीम के साथ मौके पर जाने के बाद सूचना सही पाया गया। सूचना सही पाए जाने पर जांच कर 10 दिन बाद एसपी ने तीनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया। क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि जांच में मामला सही पाया गया था। 22 दिसंबर को उन्होंने जांच रिपोर्ट एसपी को सौंप दी थी। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार के यहां तीन पुलिस कर्मी दावत में शामिल मिलें हैं।

# गैर इरादतन हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** नगर बाजार थाना क्षेत्र के दामोदरपुर (कटरुआवीर सिंह) में पट्टे की जमीन के विवाद में पिटाई से किसान की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अरबापुर मोड़ से सोमवार को आरोपी राम विलास यादव व अभिमन्यु यादव को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी शेषनाथ को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। मुकदमे में नामजद गंगाराम व प्रद्युम्न अभी फरार हैं। दामोदरपुर निवासी प्रहलाद यादव के दो पुत्रों को उनके घर के पास की पांच बिस्वा जमीन का पट्टा मिला हुआ था। इसे लेकर प्रहलाद यादव की दूसरी मां के बेटे शेषनाथ व उसके परिवार से विवाद था। बृहस्पतिवार,शुक्रवार की रात शेषनाथ अपने दो भाइयों और दो बेटों के साथ उस जमीन पर छप्पर रख रहा था। शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे इसकी जानकारी होने पर प्रहलाद यादव मना करने पहुंचे। आरोप है कि शेषराम, गंगाराम, राम बेलास और शेषराम के पुत्र प्रद्युम्न व अभिमन्यु, छप्पर का बांस व लाठी लेकर प्रहलाद के ऊपर टूट पड़े। पिटाई में प्रहलाद यादव के सिर में गंभीर चोटें आ गईं। प्रहलाद के पुत्र धर्म कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गंभीर हालत में उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देखकर डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां शुक्रवार शाम उपचार के दौरान प्रहलाद यादव (58) की मौत हो गई।

## हाईटेक कृषि विश्वविद्यालय के लिये भूमि देखने आय

# बुन्देलखंड में जापान-भारत सरकार मिलकर विकास कार्य करेंगे: ताकेमोटा

**हमीरपुर ।** जापान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पूर्व मंत्री नाओकाजू ताकेमोटो उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मंगलवार शाम हाईटेक कृषि विश्वविद्यालय के लिये भूमि देखने आये और कहा कि बुन्देलखंड में जापान और भारत सरकार मिलकर विकास कार्य करेगी।

**विकास**
- » बुन्देलखंड क्षेत्र उन्हें बहुत अच्छा लगा हम सभी लोग यहां पर मिलकर विकास करेगे

हेलीकाप्टर से बांदा के बबेरु गांव का दौरा करने के बाद क्षेत्र के मोराकादर(परसनी) गांव पहुंचे जापान के पूर्व मंत्री ताकेमोटा ने कहा कि बुन्देलखंड क्षेत्र उन्हें बहुत अच्छा लगा हम सभी लोग यहां पर मिलकर विकास करेंगे, ताकि यह क्षेत्र विकास कार्यों से अपनी चमक बिखेर सके। श्री ताकेमोटा के साथ आए जापान सरकार के सलाहकार समिति के सदस्य जावेद खान ने कहा कि एमजे फाउन्डेशन के अंतर्गत बुन्देलखंड में हाईटेक कृषि विश्वविद्यालय को स्थापित किया जायेगा।




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ - 226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 51225830 | Sliding Door Arrangement for Automobile Carrier | 120 नग | 27.01.2023 |

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 51225830 दिनांक 27.12.2022

3450/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## नेपाल में प्रचंड प्रजातंत्र

नेपाल में वहां की राष्ट्रीय एसेम्बली (संसद) के चुनावों के बाद जो परिणाम निकल कर आये उसमें नेपाली कांग्रेस के नेता सेवा निवृत्त प्रधानमन्त्री शेर बहादर देउबा नेतृत्व मे गठित पांच दलों के गठबन्धन को पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं हो सका जिसकी वजह से कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल (युनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) के चेयरमैन पूर्व प्रधानमन्त्री श्री के.पी. शर्मा औली के नेतृत्व में गठित देश के छोटे दलों के साथ बने गठबन्धन को सत्ता की राजनीति में अपनी गोटी बिछाने का अवसर मिला और उन्होंने नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले पांच दलीय गठबन्धन के सदस्य नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को अपनी तरफमिलाकर नई सरकार बनाने का दावा अपने बहुमत के बूते पर ठोक दिया। इसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रपति श्रीमती विद्या देवी भंडारी ने प्रचंड को प्रधानमन्त्री नियुक्त करके उन्हें अपनी सरकार बनाने की दावत दे दी। नेपाल के संसदीय लोकतन्त्र का इसे संसदीय गणित कहा जायेगा जो बहुमत के आधार को ही मानता है। बेशक श्री प्रचंड की पार्टी ने श्री देउबा की नेपाली कांग्रेस के साथ मिल कर संसद के चुनाव लड़े थे मगर चुनावों के बाद वह अपनी पार्टी के सांसदों के साथ किसी अन्य दल को समर्थन देने के लिए स्वतन्त्र थे और उन्होंने ठीक ऐसा ही किया और श्री औली के साथ सत्ता का समीकरण इस प्रकार बैठाया कि अगले चुनावों तक आधे-आधे समय तक दोनों नेता प्रधानमन्त्री के पद पर रहें। इस समझौते में पहला अवसर श्री प्रचंड को मिला। नेपाल में भी भारत जैसी ही संसदीय व्यवस्था है और वहां भी बहुमत की सरकार का ही गठन होता है। अतः राष्ट्रपति श्रीमती भंडारी के पास सिवाय इसके कोई अन्य विकल्प नहीं था कि वह श्री प्रचंड को प्रधानमन्त्री नियुक्त न करतीं। संसदीय परंपरा और अपने देश के संविधान के तहत उन्होंने जो कदम उठाया वह पूरी तरह उचित और वैध है। श्री प्रचंड ने 275 सदस्यीय संसद में 170 सांसदों के समर्थन का दावा पेश किया जिसके आधार पर वह प्रधानमन्त्री बनाये गये। राष्ट्रीय चुनावों में हालांकि नेपाली कांग्रेस को सबसे ज्यादा 89 सीटें मिली थी मगर उसके पास बहुमत का आंकड़ा नहीं जुट सका जबकि श्री औली की कम्युनिस्ट पार्टी को 78 और श्री प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी को 32 सीटें मिली। इन दोनों पार्टियों ने अन्य चार छोटे दलों के चुने गये सदस्यों की मदद से बहुमत का आंकड़ा पेश किया और आपस में आधे- आधे समय तक प्रधानमन्त्री बने रहने का समझौता किया। हालांकि श्री प्रचंड को जिन छोटे दलों का समर्थन प्राप्त है उनमें कोई सैद्धान्तिक या वैचारिक तालमेल नहीं है।

## भूख का समाधान

इसमें दो राय नहीं कि किसी देश की तरक्की का एक पैमाना यह भी है उसका कोई नागरिक भूखा न सोये। यह सत्ताधीशों की भी जवाबदेही है। लेकिन अच्छी स्थिति तो यह है कि हर हाथ को काम मिले और व्यक्ति को किसी राहत योजना का मोहताज न होना पड़े। भारत जैसे देश में जहां आर्थिक असमानता चरम पर है और जातिवादी दुराग्रहों से सामाजिक न्याय की अवधारणा सिरे नहीं चढ़ सकी, वहां परिस्थितियां कमजोर वर्ग को राहत की मांग करती हैं। फिर विभाजन, विस्थापन, प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं व महामारियों के चलते लाखों आबाद लोग सड़कों पर आ जाते हैं। साल-दर-साल आने वाली प्राकृतिक आपदाएं बाढ़, सूखा व अन्य प्रकोप गरीबों की संख्या में इजाफा करते हैं। यही वजह है कि अपने भरण-पोषण के दायित्व का निर्वहन न कर सकने वालों को सरकारी मदद की दरकार होती है। जो सरकारों की संवैधानिक बाध्यता भी है। कमोबेश इसी दायित्व के निर्वहन हेतु देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून का क्रियान्वयन हुआ। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक निर्धन व्यक्ति को हर माह पांच किलो अनाज मुफ्त मुहैया कराने की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी ओर अत्यधिक निर्धन परिवारों के भरण-पोषण के लिये बनी अंत्योदय योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को पैंतीस किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। लेकिन जहां खाद्य सुरक्षा के तहत दिये जाने वाले अनाज के लिये प्रतीकात्मक कीमत देनी पड़ती थी, वहीं अंत्योदय योजना में दिये जाने वाला अनाज मुफ्त ही दिया जाता है। लेकिन देशव्यापी कोरोना संकट के बाद जब विषम परिस्थितियों के चलते व्यापक रोजगार संकट पैदा हुआ तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के जरिये भूख के संकट का समाधान निकालने का प्रयास किया गया। जिसका समय कालांतर बढ़ाया भी गया। अब सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को विराम दे दिया है। लेकिन वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय योजना के तहत दिये जाने वाले अनाज के वितरण की समय सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। जो मुफ्त मिलेगा।कहीं न कहीं सरकार की मंशा है कि कोरोना संकट काल में प्रारंभ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के बंद होने से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य प्रभावित न हों। भूख और गरीबी देश में बड़ा राजनीतिक मुद्दा भी रहा है। यही वजह है कि सरकार कह रही है कि इस योजना का लाभ देश के इक्यासी करोड़ से अधिक लोगों को मिलेगा। इस पर जो भारी-भरकम खर्च आएगा, उसे सरकार वहन करेगी। यह एक हकीकत है कि कोरोना संकट के चलते लगाये गये प्रतिबंधों व अन्य कारणों से देश में जो रोजगार संकट पैदा हुआ, वह भी अभी कोरोना पूर्व की अवस्था में नहीं पहुंचा है।

# नेपाल में नई सरकार, भारत के लिए चुनौती

**भारत** के पड़ोसी देश नेपाल में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हुआ है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) के शीर्ष नेता पुष्प कमल दहल ने तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री का पद संभाला है। प्रचंड इससे पहले 2008-2009 और 2016-17 में भी नेपाल के प्रधानमंत्री पद पर रह चुके थे। 275 सीटों वाली नेपाली संसद में प्रचंड की पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर के पास महज 32 सीटें हैं। लेकिन उन्हें सीपीआई-यूएमएल का समर्थन हासिल हुआ है, जिसके पास नेपाली संसद में 78 सीटें हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली की इस पार्टी के पास प्रचंड की पार्टी से कहीं ज्यादा सीटें हैं, लेकिन दोनों नेताओं का मकसद शायद किसी भी तरह सत्ता के शिखर तक आना है। इसलिए दोनों के बीच रविवार को एक नाटकीय घटनाक्रम में यह समझौता हुआ, जिसके तहत अगले ढाई साल तक प्रचंड के हाथ में सरकार की कमान रहेगी और उसके बाद केपी ओली फिर से नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे।

गौरतलब है कि दो महीने पहले हुए चुनावों में किसी भी दल को सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटें नहीं मिली थीं, लेकिन निर्वतमान प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस को सबसे अधिक सीटें मिली थीं। ये तय हुआ था कि पांच दलों की

> सीपीआई-यूएमएल का समर्थन हासिल हुआ है, जिसके पास नेपाली संसद में 78 सीटें हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली की इस पार्टी के पास प्रचंड की पार्टी से कहीं ज्यादा सीटें हैं, लेकिन दोनों नेताओं का मकसद शायद किसी भी तरह सत्ता के शिखर तक आना है। इसलिए दोनों के बीच रविवार को एक नाटकीय घटनाक्रम में यह समझौता हुआ, जिसके तहत अगले ढाई साल तक प्रचंड के हाथ में सरकार की कमान रहेगी और उसके बाद केपी ओली फिर से नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे।
> गौरतलब है कि दो महीने पहले हुए चुनावों में किसी भी दल को सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटें नहीं मिली थीं, लेकिन निर्वतमान प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस को सबसे अधिक सीटें मिली थीं।

गठबंधन सरकार बनेगी, जिसमें प्रचंड की पार्टी भी शामिल थी। मगर प्रचंड पहले प्रधानमंत्री बनना चाहते थे और इसलिए वे इस गठबंधन से अलग हो गए। इसके बाद केपी ओली के दल के साथ उनका नया गठबंधन तैयार हुआ, जिसमें दोनों बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनेंगे।

नेपाल में 239 बरस तक राजशाही रही, जो 2008 को खत्म हुई। इसके बाद वहां लोकतंत्र की स्थापना हुई। महज 14 बरसों के नेपाली लोकतंत्र में संविधान और स्थायी सरकार दोनों के लिए काफी जद्दोजहद देखी गई है। अब तक वहां 10 सरकारें आ चुकी हैं। जिसमें 3 बार प्रधानमंत्री बनने का मौका प्रचंड को मिला। प्रचंड की गिनती उन नेताओं में होती है, जिन्होंने राजशाही खत्म करने के लिए लंबा हिंसक संघर्ष किया। माओवादी विचारों के समर्थक होने के बावजूद जब नेपाल में लोकतंत्र स्थापना के लिए संघर्ष हो रहा था, तो उन्होंने निर्वाचन प्रणाली में भागीदारी की। हालांकि सत्ता की लड़ाई में नेपाल के लोकतंत्र को बार-बार बाधाओं का सामना करना पड़ा है। बहरहाल, अब नेपाल में जो सरकार गठित हुई है, उसमें सत्ता का हस्तांतरण पहले से तय है, इसलिए शायद इस सरकार को पूरे कार्यकाल तक काम करने का मौका मिले। नेपाल की इस नई सरकार और राजनैतिक घटनाक्रम पर भारत की नजरें लगातार बनी हुई हैं। भारत-नेपाल के रिश्ते ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, भौगोलिक हर लिहाज से बेहद गहरे हैं। इसे बड़े भाई-छोटे भाई या रोटी-बेटी के संबंधों की तरह देख सकते हैं। मगर पिछले कुछ वक्त से नेपाल भी भारत के लिए संवेदनशील मसला बन चुका है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे भारत के पड़ोसी देशों में आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता, राजनैतिक अस्थिरता का संकट सिर उठाए ही रहता है, जबकि एक और पड़ोसी देश चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के कारण भारत के लिए उलझनें बढ़ाता रहता है। चीन की कोशिश पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में अपना दखल बढ़ाकर किसी भी तरह भारत पर दबाव बनाने की रहती है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प है कि नेपाल की मौजूदा सरकार के दो धड़ों में से एक का नजरिया भारत के लिए दोस्ताना रहा है, जबकि दूसरे धड़े ने भारत-नेपाल के बीच सीमा विवाद को हवा दी। प्रचंड के साथ गठबंधन में शामिल केपी शर्मा ओली जब नेपाल के प्रधानमंत्री थे, तो उनका झुकाव चीन की ओर अधिक था। दो साल पहले ओली सरकार ने भारतीय क्षेत्रों कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख को नेपाल के नक्शे में शामिल कर लिया था और नए नक्शे को नेपाली संसद की भी मुहर लगवा ली थी। ज्ञात हो कि महाकाली या शारदा नदी भारत की पूर्वी और नेपाल की पश्चिमी सीमा रेखा है। यह उत्तराखंड के कालापानी से निकलकर उत्तर प्रदेश पहुंचती है और घाघरा नदी में मिलकर समाप्त हो जाती है।



कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख, इसी महाकाली नदी के पूर्वी हिस्से में आते हैं। लेकिन नेपाल 1816 की सुगौली संधि का हवाला देकर दावा करता है कि इन तीनों के साथ-साथ आसपास के अन्य क्षेत्र भी उसका हिस्सा हैं।

इस ऐतिहासिक विवाद के बावजूद भारत-नेपाल के बीच इस मुद्दे को लेकर संबंध तल्ख नहीं हुए। मगर केपी शर्मा ओली के सत्ता में आने के बाद नेपाल में इस मसले को लेकर भारत विरोधी भावना बढ़ती गई। इधर ओली का भारत विरोध इस कदर बढ़ गया कि उन्होंने जून 2020 में भारत पर उनकी सरकार के खिलाफसाजिश रचने का आरोप तक मढ़ दिया था।

जानकार इसके पीछे भी चीन की चाल देखते हैं। अब सवाल ये है कि जब ओली का रुख भारतविरोधी हालिया अतीत में रहा है, तो क्या यह उम्मीद की जा सकती है कि जब ढाई साल बाद वो सत्ता संभालेंगे तो उनके रुख में परिवर्तन दिखेगा। और उससे पहले सवाल ये हैं कि अभी प्रधानमंत्री बने प्रचंड का रुख क्या रहेगा। क्या वे सीमा विवाद पर ओली के नजरिए से सहमत होंगे या अपने पुराने रुख पर कायम रहेंगे। क्योंकि अभी नवंबर में चुनाव प्रचार के दौरान प्रचंड ने कहा था कि कथित नेपाली जमीन को हासिल करने के लिए भारत के साथ राजनयिक प्रयास करने होंगे। जबकि इससे पहले जुलाई में दिल्ली दौरे पर आए प्रचंड ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की थी और कहा था कि सीमा विवाद को भारत-नेपाल के बीच कबटनीतिक और राजनीतिक बातचीत से ही सुलझाया जा सकता है। भारत को लेकर दो विपरीत राय रखने वाले दो राजनेताओं का सत्ता में आना भारत के लिए चुनौती है और उसे काफी संभल कर नेपाल के साथ संबंधों पर काम करना होगा।

# सकारात्मक संकेत

गौरतलब है कि भारत-चीन सीमा विवाद को सुलझाने के लिए गठित तंत्र में वांग यी और भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल विशेष प्रतिनिधि हैं। यह तंत्र अभी तक निष्क्रिय पड़ा हुआ था। वांग यी के ताजा बयान के बाद अब उसमें कुछ गतिविधियां शुरू होने की उम्मीद बनी है। अब तक दोनों देशों के सेनाधिकारियों के बीच सत्रह दौर की बातचीत हो चुकी है और सभी में चीन का रुख लचीला ही रहा है। इसी का नतीजा है कि लद्दाख क्षेत्र में करीब दो साल तक गंभीर तनाव रहने के बाद भी सेनाओं को अपने-अपने क्षेत्र में वापस लौटाने पर सहमति बन सकी थी। जब विदेशमंत्री के स्तर से सीमावर्ती इलाकों में स्थिरता कायम करने की बात कही गई है, इस पर जल्दी ही कोई नीतिगत फैसला आने की उम्मीद की जा सकती है।

भारत से लगी चीन सीमा पर कुछ जगहों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है, जिसके चलते सामरिक रणनीति के तहत वहां की सेना इस तरफ आ जाती रही है। वरना चीन भी इस बात को अच्छी तरह समझता है कि भारत के साथ लंबे समय तक युद्ध जैसी स्थिति बनाए रख कर उसे कोई लाभ नहीं मिलने वाला। दुनिया के तमाम देश अब अपनी अर्थव्यवस्थाओं के बल पर ताकतवर बनते हैं, न कि हथियारों और सेना के शक्ति प्रदर्शन से।

कोरोना महामारी ने दुनिया के तमाम देशों की आर्थिक स्थिति डांवाडोल कर दी है। चीन की अर्थव्यवस्था भी लड़खड़ा गई है। लंबे समय

> वांग यी के ताजा बयान के बाद अब उसमें कुछ गतिविधियां शुरू होने की उम्मीद बनी है। अब तक दोनों देशों के सेनाधिकारियों के बीच सत्रह दौर की बातचीत हो चुकी है और सभी में चीन का रुख लचीला ही रहा है। इसी का नतीजा है कि लद्दाख क्षेत्र में करीब दो साल तक गंभीर तनाव रहने के बाद भी सेनाओं को अपने-अपने क्षेत्र में वापस लौटाने पर सहमति बन सकी थी। जब विदेशमंत्री के स्तर से सीमावर्ती इलाकों में स्थिरता कायम करने की बात कही गई है, इस पर जल्दी ही कोई नीतिगत फैसला आने की उम्मीद की जा सकती है।

तक बंदी रहने के कारण वहां के काम-धंधों पर बहुत बुरा असर पड़ा है। ऐसे में वह अपने सबसे नजदीकी बड़े बाजार से दुश्मनी मोल लेकर नई चुनौतियों को न्योता नहीं देना चाहेगा।

पिछले दिनों तवांग क्षेत्र में चीनी सैनिकों की घुसपैठ के बाद भारत में एक सुर में आवाज उठनी शुरू हो गई थी कि सरकार चीन को सबक



सिखाने के लिए कड़े कूटनीतिक कदम उठाए। ये कड़े कदम आयात पर रोक लगाकर घरेलू बाजार को मजबूत बनाने का ही हो सकता है। इस तरह चीन को बहुत बड़ा आघात पहुंच सकता है, जिसके लिए वह कभी तैयार नहीं होगा।

अमेरिका के बाद भारत सबसे अधिक आयात चीन से करता है। अमेरिका से चीन के रिश्ते सदा से तनातनी के हैं। अगर भारत चीन से आयात कम करेगा, तो स्वाभाविक ही अमेरिका से बढ़ाएगा। इसलिए भी चीन नहीं चाहेगा कि अपने हिस्से का बाजार वह अमेरिका के पास जाने दे। फिर भारत जिस तरह जी-20 में मजबूत होकर उभरा है, उसमें वह आर्थिक महाशक्तियों को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गया है।

चीन ने भारत के पड़ोसी देशों- पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल आदि पर अपनी पकड़ मजबूत बना कर भारत को घेरने की भरपूर कोशिश की, मगर उसका कोई खास असर नजर नहीं आया। ऐसे में चीन के लिए सीमा पर नाहक तनाव पैदा कर भारत को अशांत रखने की कोशिश बहुत कारगर साबित होने वाली नहीं है। इसलिए अगर वह दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहता है, तो यह दोनों देशों की तरक्की के लिए बेहतर है।

# आलेख

## देश के प्रति अखंड समर्पण की परिणति ही राष्ट्रवाद है

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता हैस राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता हैस स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था। जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे, वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल हैस इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया हैस वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं, आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता हैस आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके

> कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे, वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल हैस इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया हैस वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं, आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं।

अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैंस यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** कोई महत्वपूर्ण वस्तु के खोने की चिंता बढ़ेगी। सगे-संबंधों में कुछ खट्टा-कुछ मीठा एहसास होगा। पारिवारिक अथवा निजी जरुरतों में व्यय का योग है। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**बृषभः-** निराश छोड़ समस्याओं के विकल्प पर मन केंद्रित करें। अच्छी योजनाएं महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति में सहायक होंगी। रचनात्मक कायरें में रुचि बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**मिथुनः-** किसी सुखद यात्रा की योजना बनेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। मन नयी कल्पनाओं की सैर करेगा। कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने के आसार बनेंगे।

**कर्कः-** संवेदनशीलता व सरलता आपके स्वभाव की विशेषता व कमजोरी दोनों हैं। अतरू गलत प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनायें। शिक्षा अथवा कलात्मक क्षेत्र में सफ्लता मिलने का योग है।

**सिंहः-** हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे। कुछ नई प्रतिभाएं आप में परिलक्षित होंगी। आर्थिक पक्ष से सबल होंगे। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**कन्याः-** रोजगार में कुछ अवरोधों के बावजूद सफ्लता अवश्य मिलेगी। आर्थिक पक्ष के प्रति मन चिंतित होगा। आय-व्यय में संतुलन बनाकर चलें। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** कोई नया लक्ष्य अपनी सार्थता हेतु आपको उद्वेलित करेगा। रोजगार क्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता से मन खिन्न होगा। नये लक्ष्यों के प्रति क्रियाशीलता से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।


**वृश्चिकः-** प्रतिभाओं से परिपूर्ण होने के बावजूद भी निराश मन लाभ से वंचित करेगा। सामाजिकता के निर्वहन में व्यस्त रहेंगे। आलस्य का त्याग करें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**धनुः-** उत्साहपूर्ण सुखद समय का एहसास होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। निकट संबंधों का भावनात्मक सहयोग प्राप्त होगा। रोजगार संबंधी कुछ जरूरी यात्रा करनी पड़ सकती है।


**मकरः-** महत्वपूर्ण कायरें की सकुशल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। नये लक्ष्यो में क्रियाशीलता से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

**कुंभः-** किसी निकट संबंधी के सहयोग से लाभकारी स्थिति बनेगी। प्रियजनों से प्यार, उपहार व सम्मान मिलने का योग है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव।

**मीनः-** कभी धूप कभी छांब यही जीवन है। अतरू निराश न हों। नकारात्मक चिंताओं को त्याग आशावादी बनें। निकट संबंधों में भावनात्मक आकांक्षाएं प्रबल होंगी।




## आज का सुविचार



## संक्षिप्त समाचार

### गल्ला मंडी में आग, 21 क्विंटल अनाज राख

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** नगर की गल्ला मंडी स्थित एक दुकान में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग में गेहूं, धान, सरसों व दो हजार खाली बोरे भी जलकर राख हो गए। महमूदाबाद के मोहल्ला पैगम्बरपुर निवासी मोहम्मद शोयब की गल्ला मंडी में गल्ले की दुकान है। सोमवार सुबह करीब छह बजे शोयब को गल्ला मंडी से सूचना मिली कि उसकी गल्ले की दुकान में आग लग गई है। दुकान मालिक आननफानन में गल्ला मंडी पहुंचा। फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान मालिक के अनुसार दुकान के बाहर रखे करीब दो हजार खाली बोरे, लगभग तीन क्विंटल मसूर, पांच क्विंटल धान, आठ क्विंटल गेहूं तथा तीन क्विंटल सरसों जलकर राख हो गई।
गल्ला मंडी में पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते फायर ब्रिगेड टीम को नगर पालिका पानी लेने जाना पड़ा। अगर गल्ला मंडी में पानी की व्यवस्था होती तो इतना नुकसान होने से बच जाता।

### घटिया सड़क और नाली निर्माण को लेकर डीएम से शिकायत

**बांदा।** शहर में स्टेडियम रोड पर बंदी सड़क पर घटिया निर्माण और नाली में घटिया मटेरियल इस्तेमाल करने को लेकर लोगों ने ठेकेदार की शिकायत जिलाधिकारी से की है साथ ही दोनों निर्माणों की जांच कराने की मांग की है जिस तरह का निर्माण किया जा रहा है उस तरह कुछ दिन में ही सड़क उखड़ जाएगी और नाली टूट जाएगी ऐसे में सरकार का पैसा व्यर्थ चला जाएगा। वार्ड नंबर 14 स्टेडियम रोड भारत एक्सरे से कमिश्नरी गेट तक संबंधित ठेकेदार द्वारा रोड और नाली का काम बहुत खराब कराने के संबंध में जिलाधिकारी को दिया लिखित शिकायत पत्र, बताया कि जहां पर रोड भारत एक्सप्रेस से कमिश्नरी गेट तक लगभग 500 से 650 मीटर तक होगी इस रोड का निर्माण कार्य बहुत ही घटिया हुआ है। और नालियां जस का तस खुद ही खुदी हुई पड़ी हुई हैं। आस-पास के मोहल्ले के लोगों के बार-बार कहने के बावजूद भी ठेकेदार के ऊपर कोई असर नहीं हुआ। व उसने रोड को बिना मानक और बिना रोड को साफकिए ही बना दिया। रोप लगाया कि इस रोड को ना तो कोई नगरपालिका का अधिकारी देखने आया और ना ही जिले का अन्य कोई अधिकारी इस रोड को किसी सक्षम अधिकारी से अगर जांच कराएं तो पता चल जाएगा कि रोड बनाने में ठेकेदार ने शासन के सभी मानकों की अनदेखी की है। हमारी मांग है कि सक्षम अधिकारियों से इसकी जांच कराई जाए व ठेकेदार के ऊपर कानूनी कार्रवाई करें। इस मौके पर महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, अशोक कुमार गुप्ता ,समरजीत सिंह , पुष्पेंद्र सिंह चुनाले अनुभव सिंह कछवाहा वार्ड नंबर 14, संतोष गुप्ता ,नीरज सिंह , सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कोल्ड ड्रिंक कंपनी के अधिकारी पर मुकदमा

**बांदा।** जिले में कोल्ड ड्रिंक की बोतल में मांस के टुकड़े मिलने के मामले में कोर्ट के आदेश पर कंपनी के अधिकारी के खिलाफकेस दर्ज किया गया है। कोल्ड ड्रिंक पीते ही युवक को उल्टी होने लगी थी। इसके बाद वह बेहोश हो गया था। युवक का कहना है कि इलाज खर्च के साथ उसको मानसिक रूप से परेशानी उठानी पड़ी। कोर्ट से उसे न्याय मिला है। मोहल्ला मर्दन नाका के ढीमर मोहल्ला निवासी मनीष कश्यप के मुताबिक उसने अपने दोस्तों अमित सिंह, संदीप चौरसिया, नासिर अहमद और राशिद अहमद के साथ काले कुआं में बेकरी की शॉप से कोल्ड ड्रिंक की 5 बोतल ली थी। मनीष कश्यप और अमित सिंह ने कोल्ड ड्रिंक की बोतल का ढक्कन खोलकर पी लिया। मनीष कश्यप को उल्टियां होना शुरू हो गईं। वह कुछ देर में बेहोश होकर गिर गया। साथ मौजूद दोस्तों ने देखा तो बोतल में मांस के टुकड़े दिखे। यह 3 बोतलों में नजर आए। एक बोतल अभी भी सील पैक रखी है। उसी दिन शाम 8.30 बजे कंपनी के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर मामले की शिकायत की गई। साथ ही ईमेल से फोटोग्राफके साथ शिकायती पत्र दिया गया। कंपनी की ओर से कोई सकारात्मक जवाब न मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर फैजाबाद स्थित कोल्ड ड्रिंक कंपनी के अधिकारी के खिलाफशहर कोतवाली नगर बांदा में रिपोर्ट दर्ज की गई।

### कोहरे ने दी दस्तक, 6 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहा तापमान, निर्धारित समय से लेट पहुंचीं कई ट्रेनें

**उरई/जालौन।** जालौन में दिसंबर के अंतिम दिनों के साथ ठंड का कहर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। मंगलवार को जनपद में ठंड बढ़ गई। सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई है, ऐसे में आम जनजीवन खासा प्रभावित रहा। सुबह के वक्त तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहा। वहीं, जनपद के नगर पालिका और नगर पंचायत द्वारा अभी तक चौराहों पर अलाव न जलाये जाने से रिक्शा चालकों, मजदूरों व आम आदमी को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं, कोहरा किसानों के फसल के लिए लाभदायक बताया जा रहा है। जनपद में दिसम्बर के अंतिम दिनों में सर्दी लोगों के लिए परेशानी बनी रही। सुबह जब लोगों की नींद खुली और बाहर जाकर देखा तो चारों ओर कोहरा और धुंध दिखाई दी। सुबह के समय कोहरा विजिबिलिटी 4 मीटर से भी कम थी। कोहरे की धुंध करीब 8 बजे तक छायी रही। इस कारण कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट रहीं। कोहरे के कारण गोरखपुर जाने वाली राप्तीसागर एक्सप्रेस 2 घंटे देरी से उरई पहुंची। वहीं, अहमदाबाद, भोपाल, इंदौर, मुंबई तथा लोकमान्य तिलक को जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस, भोपाल सुपरफास्ट, पटना इंदौर एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, मुंबई एलटीटी, उद्योग नगरी भी अपने निर्धारित समय से तकरीबन ढाई घंटे की देरी से चल रही है। उधर, यह कोहरा किसानों के लिए वरदान बनकर आया है। कोहरा न पड़ने के कारण जनपद में किसानों की मटर, मसूर, चना, सरसों पर असर पड़ रहा था। ठंड व कोहरा न होने से इन फसलों को काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन कोहरा से ओस की बूंदे आने से किसानों की फसलों की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है।

### नहर में उतराता अधेड़ का शव मिला, पैन कार्ड के आधार पर नाम की हुई पहचान

**उरई/जालौन।** जालौन में नहर में एक 50 साल के अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। किसानों ने शव को पानी में उतराता देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसने नहर से शव को निकाला और जांच करने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 50 साल के अधेड़ का शव कोंच कोतवाली क्षेत्र में काली मंदिर के पीछे से निकली नहर में मिला। शव नहर के पानी में उतरा रहा था। जिसको खेत में काम करने वाले किसानों ने देखा। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकालकर उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की। पुलिस ने जब उसकी जेब को देखा तो उसकी जेब से पैन कार्ड बरामद हुआ है। जिस पर दीप नारायण पुत्र शिवनारायण नाम लिखा हुआ था। पुलिस ने नाम से उसकी पहचान दीपनारायण के नाम से की। मगर उसका पता न होने से पुलिस उसके रहने का पता लगाने में जुटी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दीप नारायण कहां का रहने वाला है। साथ ही फॉरेंसिक टीम भी उसकी मौत का कारण जानने में जुटी है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही उसकी फोटो सभी थानों में भेज दी है। जिससे उसके बारे में सही जानकारी हासिल हो सके।

### यूपी के सारे ओबीसी मंत्री बंधुआ मजदूर जैसे: रामगोपाल

**लखनऊ।** निकाय चुनाव आरक्षण को लेकर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बड़ा फैसला दिया। अदालत ने नगर विकास विभाग की चुनाव संबंधी अधिसूचना रद्द कर दिया और याचिकाकर्ता की पिटिशन मंजूर कर ली। जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस लवानिया की बेंच कहा कि संवैधानिक आरक्षण सही तरीके से दिया जाए कहा। कमेटी बनाकर सही तरीके से आरक्षण दिया जाए। इस फैसले के बाद सियासी घमासान छिड़ चूका है। विपक्ष बीजेपी पर पिछड़ों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 60 फीसदी आबादी आरक्षण से वंचित है। उत्तर प्रदेश सरकार ने साजिश की है।रामगोपाल यादव ने बीजेपी पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि यूपी के सारे ओबीसी मंत्री बंधुआ मजदूर जैसे हैं। उन्होंने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या पर भी करारा तंज किया और कहा कि केशव मौर्य की स्थिति भी बंधुआ मजदूर जैसी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछड़ों से वोट लिया और उन्हीं को धोखा दिया है। सपा महासचिव ने भाजपा पर पिछड़ों को ठगने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछड़े अब चौन से बैठने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अब पिछड़ों की लड़ाई समाजवादी पार्टी लड़ेगी। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 60 फीसदी आबादी आरक्षण से वंचित है। उत्तर प्रदेश सरकार ने साजिश की है।

### ट्रिपल टेस्ट के आधार पर ओबीसी को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायेगी सरकार: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग यानि ओबीसी के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायेगी। इसके उपरान्त ही नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।

# रालोद ने मनाया जयंत चौधरी का जन्मदिन

संवाददाता

**समारोह**

» युवाओं को मिलना चाहिए नेतृत्व का अधिकार: अग्रवाल

» जन्मदिन समारोह के माध्यम से समाज को एक खास संदेश दिया

» जन्मदिन के भव्य समारोह में युवाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया




**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का जन्मदिन कार्यालय पर मनाया। जन्मदिन पर विशेष ये था कि जन्मदिन की पूरी थीम और युवाओं को समर्पित थी।

प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने इस जन्मदिन समारोह के माध्यम से समाज को एक खास संदेश दिया है, इसमे युवाओं का भी भरपूर सहयोग मिला। जन्मदिन के भव्य समारोह में युवाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी सांसद राज्यसभा में प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए हैं। इस बिल का मुख्य उद्देश्य युवा भारत के सपने को साकार करना है। विकसित देशों में गिनती होने के लिए युवा नेतृत्व आवश्यक है।

इस पर रोहित अग्रवाल ने कहा कि, हमारे देश में शादी करने की उम्र 21 वर्ष है, जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार 18 वर्ष की उम्र में ही प्राप्त हो जाता है, लेकिन जनप्रतिनिधि बनने के लिए आयु सीमा अधिक है, युवाओं को नेतृत्व का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हर वर्ग की आवाज को मजबूती के साथ उठाता है, इसी कड़ी में युवाओं के हित के लिए जयंत चौधरी जी राज्यसभा में ये प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए।

श्री अग्रवाल ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 84 और 173 में क्रमशः संसद, एवं राज्य विधानमंडल की योग्यता से संबंधित प्रावधान हैं, जो लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, राज्य विधानपरिषद मे नेतृत्व या उसकी उम्मीदवारी के लिए आयु निर्धारित करते हैं।

इस विधेयक में यह प्रस्तावित किया गया है कि लोकसभा और विधानसभा के लिए उम्मीदवारी की आयु को बदलकर इक्कीस वर्ष कर दिया जाए। भारत दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी रखने वाले देशों में एक है, हमारे युवा लोकसेवक के रूप में सेवा कर रहे हैं, लोकतंत्र स्थापित करने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

इक्कीस वर्ष की आयु वाले युवा बड़ी संख्या में पंचायत स्तर पर उम्मीदवारी के माध्यम से जमीनी स्तर पर राष्ट्र निर्माण और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में योगदान दे रहे हैं। स्वाभाविक है कि वे युवा केंद्र और राज्य स्तर पर जनप्रतिनिधि बनकर हमारे देश का नेतृत्व करेंगे। भारत के संविधान में यह संशोधन इस देश के युवाओं को भारत के विधानमंडल का हिस्सा बनकर कानून में योगदान करने का अवसर देगा।

श्री अग्रवाल ने अपनी बात को विराम देते हुए कहा कि देश की जनता को बढ़-चढ़कर इस बिल का समर्थन करना चाहिए, यह युवाओं के हित में है और युवाओं में इसको लेकर खासा जोश है, हमारे युवा राज्य एवं केंद्र स्तर पर नेतृत्व की क्षमता रखते हैं।

युवा नेतृत्व से हमारे सदन युवा होंगे, युवा सदन देश को विकसित देश बनाने के सपने को साकार करेंगे। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जनता से इस बिल को लेकर समर्थन की अपील की। इस अवसर पर कार्यालय तथा हनुमान सेतु पर छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डे ने गरीबों में कंबल बांटे।

## राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रोजेक्ट चयनित

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय जोगिया की टीम का प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला समन्वयक घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि 30वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2022-23 के राज्य स्तरीय प्रस्तुतीकरण में यह चयनित हुआ है।



विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से संचालित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण ग्रुप लीडर परमेश्वर ने किया, जिसे गाइड टीचर अंशुमान सिंह ने मार्गदर्शन किया। जिला एकेडमिक समन्वयक अभिषेक कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रस्तुतीकरण पतंजलि ऋषिकुल विद्यालय प्रयागराज में हुआ। उसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के चयनित प्रोजेक्ट्स में से 21 प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतीकरण के लिए किया गया। इसका आयोजन जनवरी के अंतिम सप्ताह में अहमदाबाद गुजरात में होना है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक टीम के बच्चों को बधाई देते हुए हर्ष जताया। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने प्रोजेक्ट टीम के प्रतिभागी बच्चे परमेश्वर व सचिन, गाइड टीचर अंशुमान सिंह और एकेडमिक समन्वयक अभिषेक कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह बेसिक शिक्षा विभाग के लिए गौरवशाली उपलब्धि है। इससे अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## मनोज तिवारी ने सलमान खुर्शीद को दी इलाज की नसीहत

**राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे**

**वाराणसी।** भाजपा नेता और दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने मंगलवार को वाराणसी दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर खूब प्रहार किए। मनोज तिवारी ने कहा- कोरोना संक्रमण काल में यात्रा निकाल कर राहुल गांधी बेवकूफी कर रहे हैं। यह कांग्रेस का गैर जिम्मेदाराना कदम है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सांसद मनोज तिवारी ने मंगलवार दोहपर कैंट रोडवेज स्थित एक अस्पताल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। सलमान खुर्शीद को राहुल गांधी में भगवान राम दिखने के सवाल पर भाजपा नेता ने कहा कि सलमान खुर्शीद भगवान राम के बारे में जानते ही क्या हैं। मनोज तिवारी ने भगवान राम की तुलना राहुल गांधी से किए जाने पर कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद को इलाज कराने की नसीहत दी। कहा जब केंद्र



सरकार कोरोना संक्रमण से बचाव के उपाय कर रही है वहीं कांग्रेस नेता रैली निकाल कर जनता को खतरे में डालने का काम कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण को देखते हुए केंद्र सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन सामग्री वितरण योजना के 2023 तक के लिए बढ़ा दिया है। कहा कि कोरोना से बचाव के लिए सरकार की ओर से हर संभव मदद की जा रही है। यूपी निकाय चुनाव पर उन्होंने कहा कि बीजेपी तैयार है। दिल्ली नगर निगम में हार पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में जनमत का वे सम्मान करते हैं लेकिन आम आदमी पार्टी जनता से किए वादे पर खरी नहीं उतरने वाली। आगामी चुनाव में जनता भाजपा के पक्ष में वोट करेगी। मनोज तिवारी ने कहा कि सुशांत सिंह राजपूत मामले का सच जनता के सामने आना चाहिए। काशी तमिल संगमम को उत्तर दक्षिण संगम बताते हुए कहा कि इस प्रकार के और भी आयोजन होना चाहिए।

## अखिलेश ने कहा- केशव प्रसाद उप मुख्यमंत्री नहीं, कर रहे हैं नौकरी, अपने मन से कुछ भी नहीं कर सकते

**झांसी।** झांसी दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को भी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निशाने पर योगी सरकार रही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्वीकार करना होगा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार है, तभी कानून व्यवस्था में सुधार होगा। वहीं, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर हमला बोलते हुए कहा कि वह डिप्टी सीएम नहीं , बल्कि नौकरी कर रहे हैं। वह अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकते, नौकरी करनी है तो मुखिया की भाषा बोलनी पड़ेगी।



इसके अलावा अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर सहित अन्य जिलों की घटनाएं बताती हैं कि कानून व्यवस्था के हालात क्या हैं। प्रदेश की सरकार को मानना पड़ेगा कि उनके राज में भ्रष्टाचार चरम पर है, पुलिस वसूली में लिप्त है। केशव मौर्य के सवाल पर कहा कि मौर्य जानते हैं कि वह पिछड़ों को न्याय नहीं दिला सकते, ज्यादा बोलेंगे तो अभी उनका विभाग छिना है, फिर कुर्सी भी छिन जाएगी। अखिलेश ने कहा कि सरकार बुनियादी मुद्दों पर बात करने के लिए तैयार नहीं है। व्यापारी दुखी हैं, अब उन्होंने सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है।

### बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**बांदा।** जिले में 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त पीड़िता के फूफा का ड्राइवर था। जिसके ऊपर फतेहपुर में कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। क्षेत्राधिकारी बबेरू राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त चुन्नू निषाद पीड़िता के फूफा का ड्राइवर था। सोमवार को खाना खाने पीड़िता के घर आया था। तभी आंगन में बच्ची को पाकर उसने बच्ची को अपने पास बुला लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। तभी बच्ची की मां वहां आ गई और उनके चिल्लाने पर वह बच्ची को छोड़कर भाग गया। इस संबंध में पीड़िता की मां की तहरीर पर थाना बिसंडा में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।

## बिजली बिल जमा करने के लिए नहीं लगाने होंगे चक्कर

**उरई/जालौन।** अब आप घर बैठे बिजली बिल जमा कर सकते हैं। जागरूकता के अभाव में लोग अभी भी लाइन लगाते हैं। उपभोक्ता को ऑनलाइन बिल जमा करने के लिए विभाग ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। बिल भुगतान के लिए अब बिजली कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बिजली विभाग ने लोगों को सुरक्षित तरीके से भुगतान की जानकारी दी। बताया गया कि देय तिथि से पहले डिजिटल भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी। इससे कनेक्शन कटने से होने वाली कठिनाइयों से भी बचा जा सकेगा। बिना रुकावट उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। ऑनलाइन भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को विभाग की वेबसाइट पर जाना होगा। इसके अलावा विभाग ने ऐप के जरिए भी बिल जमा करने की सुविधा दी है। उपखंड अधिकारी राजेश पटेल ने बताया कि डिजिटल भुगतान के लिए बिल वेबसाइट के साथ पेटीएम, ई निवारण, यूपीपीसीएल, स्मार्ट कंज्यूमर, गूगल पे, भीम एप, क्रेडिट, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा किया जा सकेगा विभाग ने भुगतान के लिए ऑनलाइन बिल जमा करने के साथ ही अन्य सुविधाएं भी दी हैं। विभाग की वेबसाइट पर उपभोक्ता बिल जमा करने के साथ मीटर और ट्रांसफार्मर में खराबी, तार चोरी और आपूर्ति सहित अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे।

## अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों की जांच की मांग

**इटवा।** फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने सोमवार को एसडीएम इटवा को ज्ञापन सौंपा। अवैध रूप से संचालित दवा की दुकानों, बंगाली क्लिनिकों, मानक विहीन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।
फार्मासिस्ट प्रेम कुमार गुप्ता ने कहा कि स्थानीय क्षेत्र में दवाओं की अवैध दुकानों व बंगाली अस्पतालों की संख्या बढ़ गई है। वहां मरीजों का शोषण हो रहा है। उन्होंने मामले की जांच करके कार्रवाई की मांग की है।



इस दौरान प्रदीप कुमार शुक्ल, सुनील कुमार शुक्ल, अवधेश मद्धेशिया, यदुनंदन प्रजापति, श्याम सुंदर यादव, संत कुमार, हामिद अली, सुनील मौर्य आदि मौजूद रहे।

## धर्मांतरण मामले में और 13 आरोपियों को जेल

**आरोप**

» आरोपियों को पकड़ने पहुंची पुलिस का महिलाओं ने विरोध किया

» नौकरी व शादी का लालच देकर लोगों का धर्म परिवर्तन करा रहे

**सीतापुर।** क्रिसमस के मौके पर कई क्षेत्रों में धर्मांतरण के मामले सामने आए। पुलिस ने 15 लोगों पर केस दर्ज किया है। 13 और लोगों को जेल भेज दिया गया है। रामपुर मथुरा क्षेत्र में आरोपियों को पकड़ने पहुंची पुलिस का महिलाओं ने विरोध किया। तालगांव, मिश्रिख, रामपुर मथुरा और तंबौर इलाके से धर्मांतरण के मामले सामने आए थे। तालगांव में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी कि लश्करपुर गांव में धर्म परिवर्तन को लेकर कुछ बाहरी लोग आए हैं। वे नौकरी व शादी का लालच देकर लोगों का धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। इस पर एसओ संतोष कुमार मौके पर पहुंचे। वहां पर एक घर में धर्म परिवर्तन किया जा रहा था। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर डायरी व अन्य किताबों को जब्त कर लिया। एसओ ने बताया कि मोहरइय्या खुर्द निवासी मोहक सिंह की तहरीर पर मुकेश, हंसराज, सोनू, शिव कुमार, राम भाटी, चंपा सहित छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। चंपा के अलावा अन्य पांच को गिरफ्तार कर लिया गया है।

रामपुर मथुरा क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे बसे गांव बगस्ती में धर्मांतरण कराने की जानकारी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस और कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण सभा में पहुंचकर जिला बहराइच के थाना हरदी निवासी पैकरमा, बुधसागर, सीमा व थाना रामपुर मथुरा के बच्चूपुरवा निवासी रामकुमार को गिरफ्तार कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपियों को ले जाते समय सभा में बैठी महिलाओं ने पुलिस का विरोध किया। हालांकि, पुलिस आरोपियों को पकड़ कर ले गई। एसओ अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

**तीन छात्राओं के आत्महत्या मामले में एक रैकेट के तार जुड़े होने की बात सामने आई**

## डेढ़ साल से बेटियों को जाल में फंसा रहा था रैकेट

**मामला**

» छात्रों का रैकेट बहला-फुसलाकर छात्राओं का शारीरिक शोषण पिछले डेढ़ साल से कर रहा

» गंभीर घटनाओं के पीछे का घिनौना सच पुलिस को शायद नजर नहीं आ रहा

**सीतापुर/कमलापुर।** आरबीएसबीएस कॉलेज कमलापुर की तीन छात्राओं के आत्महत्या मामले में एक रैकेट के तार जुड़े होने की बात सामने आई है। यह सनसनीखेज खुलासा में एक छात्रा की बहन ने किया है। उसके मुताबिक रसूखदार परिवार से जुड़े इन छात्रों का रैकेट बहला-फुसलाकर छात्राओं का शारीरिक शोषण पिछले डेढ़ साल से कर रहा था।



अमर उजाला के सिलसिलेवार खबरें प्रकाशित किए जाने से हरकत में आई पुलिस ने आननफानन तीनों घटनाओं के खुलासे का दावा जरूर किया है लेकिन गंभीर घटनाओं के पीछे का घिनौना सच पुलिस को शायद नजर नहीं आ रहा है। नदी में छलांग लगाने वाली छात्रा के मामले में पेश की गई पुलिसिया कहानी किसी के गले नहीं उतर रही है। छात्रा की बहन ने भी मामले का हैरतअंगेज पहलू उजागर करते हुए पुलिस के खुलासे को कटघरे में खड़ा कर दिया है। गांव के पास सरायन नदी में छलांग लगाकर जान देने वाली कक्षा 11 की छात्रा की बहन ने अमर उजाला से बातचीत के दौरान परिवार के ही दो युवकों पर गंभीर आरोप लगाए।

छात्रा की बहन के मुताबिक इन युवकों के संबंध रसूखदार व दबंग लोगों से हैं। यह लड़कियों को अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में फंसाते हैं। बहलाकर उनसे दुष्कर्म करते हैं। छात्रा की बहन ने बताया जिस दिन घटना हुई उसके एक दिन पहले मम्मी की आंख का ऑपरेशन था। घर पर भाई व छोटी बहन ही थे। पता उस रात इन लोगों ने ऐसा क्या किया कि छात्रा अवसाद में आ गई और अगली सुबह जान दे दी। कॉल डिटेल निकलवा के जांच होनी चाहिए। अब हमें इंसाफ चाहिए।

आरबीएसबीएस इंटर कॉलेज कमलापुर की तीन छात्राओं के सात दिनों में खुदकुशी के मामलों में मानवाधिकार आयोग ने पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान को तलब किया है। उत्तर प्रदेश मानव अधिकार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बाल कृष्ण नारायण ने एसपी से एक सप्ताह में सभी मामलों की जांच कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। एसपी को जारी पत्र में अमर उजाला के प्रकाशित खबर का स्वतः संज्ञान लेकर कहा गया है।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं होंगे अखिलेश, मायावती और जयंत चौधरी

**संवाददाता**

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी के लिए सोमवार को कमेटियां गठित की गईं। इस बीच, विपक्षी दलों के नेताओं को शामिल करने के लिए उन्हें आमंत्रित करने की तैयारी शुरू हो गई है। पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद ने सोमवार को 10 समितियां गठित कीं। इस समितियों में प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के अलावा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, पीएल पुनिया, अजय कुमार लल्लू, प्रदीप माथुर, अनुग्रह नारायण सिंह, आचार्य प्रमोद कृष्णम आदि को शामिल किया गया है। भारत जोड़ो यात्रा तीन जनवरी को गाजियाबाद के लोनी बार्डर पर प्रवेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्ण कांत पांडेय ने बताया कि प्रदेश के सभी विपक्षी दलों के नेताओं को इस यात्रा में शामिल करने के लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से आमंत्रित किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती, पूर्व मंत्री सतीश चन्द्र मिश्र, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व मंत्री शिवपाल यादव, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान समेत विपक्षी दलों के नेताओं को निमंत्रण भेजा जा रहा है। खबरों के मुताबिक राहुल गांधी इस यात्रा में अखिलेश यादव, मायावती और जयंत चौधरी शामिल नहीं होंगे। जयंत चौधरी ने पहले से तय कार्यक्रमों का हवाला देते हुए यात्रा में शामिल होने से इंकार कर दिया। वहीं अखिलेश यादव के भी यात्रा में शामिल होने की संभावना न के बराबर बताई जा रही है। जबकि बसपा से भी मायावती या सतीश मिश्रा कांग्रेस की इस यात्रा का हिस्सा नहीं बनेंगे। हालांकि सपा किसी प्रतिनिधि को भेजेगी इसको लेकर फैसला होना बाकी है। बता दें कि जनवरी की 3 तारीख यानी नए साल में भारत जोड़ो यात्रा गाजियाबाद के लोनी से यूपी में दाखिल होगी।



**तैयारी**

- » भारत जोड़ो यात्रा तीन जनवरी को गाजियाबाद के लोनी बार्डर पर प्रवेश करेगी
- » राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान समेत विपक्षी दलों के नेताओं को निमंत्रण भेजा जा रहा

## बुग्गी के नीचे आकर युवक की मौत, 6 महीने पहले हुई थी शादी

**अलीगढ।** थाना बरला इलाके में सिर से बुग्गी का पहिया गुजरने से युवक की मौत हो गई। घटना के वक्त वह बुग्गी में कच्ची ईट लादकर भट्ठे पर ले जा रहा था और तभी नीचे गिर गया। परिजनों ने संदिग्ध मौत मानते हुए पुलिस कन्ट्रोल रूम को खबर दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कार्रवाई शुरू कर दी। मौत की खबर से परिजन बेहाल हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बरला थाना इलाके के गांव फुसावली के रहने वाले लालाराम का बड़ा बेटा 23 वर्षीय अजय बुग्गी चला कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी करीब 6 महीने पहले ही दादों निवासी शशी से शादी हुई थी। गांव के पास आरएम भट्टे पर ईटो का स्टॉक लगा रहा था। बुग्गी में ईट भरकर ले जाते समय किसी करना सड़क पर गिर गया और बुग्गी का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना पर परिजन मौके पर आ गए। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। भाई राहुल ने आरोप लगाया कि संदिग्ध मौत है। वहीं, सूचना पर इलाका पुलिस आ गई। पंचनामा की कार्रवाई कर शव सोमवार रात्रि पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। दूसरे नम्बर का राहुल भी मजदूरी करता है और तीसरा पढ़ाई के साथ एक निजी कम्पनी में नौकरी करता है।

## ठंड बढ़ने से गर्माया ऊनी कपड़ों का बाजार, कीमतों में 20 फीसदी उछाल

**हाथरस।** सर्दी बढ़ने के सथ हाथरस में ऊनी कपड़ों का कारोबार भी गर्मा गया है। कारोबारियों की मानें तो इस बार करीब दो करोड़ का ऊनी कपड़ों का कारोबार होगा। पिछले साल की अपेक्षा इस बार ऊनी कपड़ों की कीमतों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लुधियाना व मुंबई से माल की आवक हुई है। कारोबारी स्टॉक के खपने का इंतजार कर रहे हैं। सोमवार को सर्दी बढ़ने के साथ शहर में जगह-जगह लगे गर्म कपड़ों के बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

हाथरस शहर के मुख्य बाजारों में रेडीमेड कपड़ों की 150 दुकानें पंजीकृत हैं। इन दुकानों पर पूर्व में सर्दी को लेकर ऊनी कपड़ों के माल का स्टॉक कर लिया गया है। कैप, शॉर्ट व लॉट स्वेटर के अलावा जॉकेट आदि की बिक्री में सोमवार को इजाफा हो गया। दुकानदारों की मानें तो पिछले साल की अपेक्षा ऊनी कपड़ों के दामों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बार वूलन धागे के दाम बढ़ गए हैं। एक हजार के ऊनी माल पर पांच प्रतिशत जीएसटी ली जा रही है। एक हजार से ऊपर के सामान खरीदने पर 12 प्रतिशत जीएसटी की राशि भी माल लेने के साथ बिल में अदा करनी होगी। इस बार सर्दी को लेकर माल का स्टॉक किया गया है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार स्वेटर और कैप आदि के दामों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बार ऊनी धागा महंगा हो गया है। इस कारण रेट बढ़ गए हैं। करीब दो करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। कोरोना के चलते माल की बिक्री प्रभावित चल रही थी। इस बार सर्दी की शुरुआत अच्छी है।



## कवियों ने अपनी प्रस्तुति के जरिए दर्शकों को कर दिया मंत्र मुग्ध

**इंदिरा नगर स्तिथ कन्वेंशन सेंटर मे एक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया**

**संवाददाता**

**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ के द्वारा इंदिरा नगर स्तिथ कन्वेंशन सेंटर मे एक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में आज कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें ख्याति लब्ध कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

प्रदर्शनी के प्रथम दिन से ही बडी मात्रा में भीड़ देखी जा रही है और लोगोँ के द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा खरीददारी की जा रही हैं। ग्रामोद्योगी उत्पाद जैसे आवला से बने उत्पाद राजिस्थानी नमकीन तथा मेघदूत के उत्पाद जैसे शैम्पु , साबुन , फ़ेसवास, क्रीम , हेयर ऑयल, इत्यादि देहरादून का शुद्ध शहद के साथ साथ शीट का मौसम होने के कारण ऊनी सामान जैसे सदरी, कोट, शॉल, कंबल, एवं रजाई, गद्दा, की भारी मात्रा मे विक्री हो रही हैं। खादी के बने वस्त्र जैसे कि मोदी सदरी, कुर्ता पैजामा, शर्ट, तथा, जूट से निर्मित उत्पाद भी प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्रदर्शनी प्रतिदिन साय 5 बजे से रात 8 बजे तक नृत्यंजलि फाउंडेशन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नृत्यंजलि फाउंडेशन द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खादी और ग्रामोद्योग आयोग उत्तर प्रदेश के राज्य निदेशक डॉ नितेश धवन व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेविका व लेखिका ऋचा रॉय मौजूद रहीं साथ ही साथ कवि के रूप में कुलदीप सिंह, डॉ बलवन्त सिंह , सूर्यप्रकाश सूरज सिराज खान ,डॉ विमलेश चौधरी, मित्र विपुल जी ने आपने काव्य पाठ से सारी महफ़िल को मंत्र मुग्द कर दिया। 7 दिवसीय इस प्रदर्शनी को दो दिन के लिए बढ़ा दी गई है प्रदर्शनी का समापन 28 दिसम्बर को होगा।




## दो चौकीदारों को बंधक बनाकर सराफा दुकानों में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष बाजार में चौकीदारों को बंधक बनाकर सराफा की दुकानों पर लाखों रूपये की कीमत के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। घटना की जानकारी व्यापारी आसिफ ने पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी गई। सीसीटीवी फुटेल खंगाले जा रहे हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के शहर के सुभाष बाजार में सूफीगंज चौराहे पर आसिफ की अली ब्रदर्स के नाम से सराफा की दुकान है। जहां सोमवार रात करीब 3 बजे चोरों ने वहां मौजूद चौकीदार बिंदा और रामेश्वर को बंधक बनाकर बेतवा घाट पहुंचाया। इसके बाद दुकान में रखे सोने चांदी के जेवरात व नकदी ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर एएसपी अनूप कुमार, सीओ राजेश कमल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना के संबंध में जानकारी एवं सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## अवैध धार्मिक स्थल किया ध्वस्त, आरपीएफ-जीआरपी फोर्स रहा मौजूद

**आगरा।** आगरा में रेलवे के प्रर्वतन दल ने सोमवार को ईदगाह पुल के पास रेलवे भूमि पर बने अवैध धार्मिक स्थल को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। कोई हंगामा न हो इसके लिए भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही। आरपीएफ, जीआरपी और सिविल पुलिस डीजल शेड में बने धार्मिक स्थल पर पहुंची। धार्मिक स्थल के पास ही लोगों ने घर भी बना लिया था। रेलवे अधिकारियों ने पहले आगाह किया, फिर ध्वस्तीकरण कार्रवाई की। धार्मिक स्थल को हटाने के लिए पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। रेलवे भूमि पर हुए अन्य रिहायशी अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हें 15 दिन की मोहलत दी गई है। अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो फिर रेलवे यहां बुलडोजर चलाएगा।




रेल मंडल ने सोमवार को गुरू गोविंद सिंह जी के साहिबजादे वीर फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह की याद में वीर बाल दिवस मनाया। उनके जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। चित्र प्रदर्शनी लगाई। उनकी शहादत को याद किया गया। कैंट रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनी का यात्रियों ने अवलोकन भी किया।

## आलू के खेत में पड़ा मिला शव, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**हाथरस।** एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव आलू के खेत में पड़ा मिला। स्थानीय पुलिस को साथ लेकर सीओ मौके पर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत कारण पता चल सकेगा। हाथरस में सहपऊ के गांव सलेहपुर निवासी 42 वर्षीय राजेन्द्र उर्फ राजू की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। उसका शव गांव के नजदीक आलू के खेत में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर सीओ सादाबाद रुचि गुप्ता एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुँच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## आगरा विवि में रोजाना 200 से अधिक शिकायतें, नहीं हो रहा समाधान

**दूरदराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही**

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में रोजाना 200 से अधिक शिकायतें आ रही हैं। इनमें से बमुश्किल 20-30 शिकायतों का ही निस्तारण हो पा रहा है। इससे छात्रों को परेशान होना पड़ रहा है। दूरदराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। विश्वविद्यालय के हेल्प डेस्क, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय और सहायक कुलसचिव कार्यालय के पास आने वाली शिकायतों में अधिकांश अंकतालिका में अंक न दर्ज होने, नामांकन संख्या न होने, नामों की स्पेलिंग में गड़बड़ी की हैं। डिग्री-अंकतालिका और माइग्रेशन के लिए भी रोजाना 60 से 80 प्रार्थनापत्र आ रहे हैं। इनका निराकरण नहीं होने से शिकायती पत्रों का समाधान नहीं हो पा रहा है।




विश्वविद्यालय में आई फिरोजाबाद की आयुषी गुप्ता ने बताया कि एमएससी कंप्यूटर साइंस का परिणाम बीते साल 28 अक्तूबर को आया था, लेकिन अंकतालिका में प्रायोगिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय ने दर्ज नहीं किए हैं। इससे उसको अंकतालिका नहीं मिल पा रही। वह दो बार प्रार्थना पत्र भी दे चुकी हैं, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी का कहना है कि छात्रों की समस्याओं का समाधान न होने के लिए एजेंसी जिम्मेदार है। कर्मचारी उसे एजेंसी भेज देते हैं।

**निरीक्षण के दौरान छात्र व छात्राओं से बातचीत कर लिया फीडबैक**

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विभिन्न कंपनियों का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने लखनऊ में कौशल विकास विभाग के दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत विभिन्न कंपनियों वी-मार्ट, अपोलो हॉस्पिटल, अम्मा चैरिटेबल ट्रस्ट का

औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान छात्र व छात्राओं से बातचीत की और उनसे फीडबैक भी लिया। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनके हितों का ध्यान रख रही है और उनके भविष्य के दृष्टिगत योजनाओं को संचालित कर रही है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ट्रेनिंग पार्टनर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**जानकारी**

- » प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं



कौशल विकास मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से कौशल विकास विभाग अधिक से अधिक युवाओं को स्किल देकर रोजगार उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को स्कूल में शिक्षा के साथ साथ कौशलपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवाओं को विभिन्न रोजगार मेले आयोजित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक युवा को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। निरीक्षण के समय कौशल विकास के मिशन निदेशक आंद्रा वामसी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### चार करोड़ 57 लाख की संपत्ति जब्त

**सुल्तानपुर।** जिले में अपराधियों पर पुलिस-प्रशासन का शिकंजा लगातार कस रहा है। सोमवार को अपराध से अर्जित दो सगे भाइयों की चार करोड़ 57 लाख रुपये की संपत्ति को पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने जब्त कर लिया। पुलिस के मुताबिक नगर कोतवाली क्षेत्र में अमिलिया कला निवासी शशि वीर सिंह उर्फ गोलू और राहुल सिंह उफ़?र प्रवीण सिंह (दोनों सगे भाई) के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। जिला मजिस्ट्रेट रवीश गुप्ता ने पुलिस की रिपोर्ट पर अपराध से अर्जित संपत्ति को कुर्क करने का आदेश दिया था। डीएम के आदेश पर सोमवार को एसडीएम सदर सीपी पाठक और सीओ राघवेंद्र चतुर्वेदी ने नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ चुनहा पयागपट्टी क्षेत्र में पहुंचे जहां दोनों भाइयों की काफी संपत्ति थी। प्रशासन ने शशि वीर सिंह उर्फ गोलू और राहुल सिंह उर्फ प्रवीण सिंह की चार करोड़ 57 लाख रुपये की संपत्ति को जब्त कर लिया।

### समाजवादी दफ्तर के बाहर लगा बड़ा पोस्टर, लिखा, ओपी राजभर का सपा कार्यालय में आना प्रतिबंधित है

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष व्‍उचतीं त्ंरडींत के खिलाफसपा दफ्तर के बाहर होर्डिंग लग गया हैं। जिसपर लिखा है कि ओम प्रकाश राजभर का सपा कार्यालय में आने पर प्रतिबंध हैं। ये प्रतिबंध की होर्डिंग समाजवादी पार्टी के युवा नेता ने लगाई है। हम आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर सुभासपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर का पोस्टर लगा दिया गया है, जिसमें साफतौर पर लिखा है कि ओमप्रकाश राजभर का समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर आना सख्त मना है। जानकारी मुताबिक अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में जहां ओमप्रकाश राजभर जोर शोर से समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था। वहीं अखिलेश यादव ने भी गर्मजोशी के साथ भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए गठबंधन में उनका स्वागत किया था। 2022 विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी और ओमप्रकाश राजभर में दूरियां लगातार बढ़ने लगी थी। हार को लेकर दोनों नेता एक दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे थे। हाल ही में ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव के ऊपर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था कि समाजवादी पार्टी उनके पांच विधायकों को उनके पार्टी से तोड़ना चाहती है। वहीं समाजवादी पार्टी ने अपने बयान में कहा है कि वह किसी के विधायक को ना तो तोड़ना चाहते हैं ना तो अपने में शामिल करना चाहते हैं। बाकी लोकतंत्र है जो विधायक अपनी सहमति से हमारे साथ आना चाहते हैं वह आएंगे। आपको बता दें कि इसी बात को लेकर ओमप्रकाश राजभर लगातार समाजवादी पार्टी पर निशाना साध रहे थे। जिसको लेकर अब समाजवादी पार्टी के युवा नेता ने कार्यालय पर ओमप्रकाश राजभर का पोस्टर लगाकर ओमप्रकाश राजभर को समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर आने को लेकर मना कर दिया है। समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर लगा बड़ा होर्डिंग, लिखा सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का सपा कार्यालय में प्रवेश बंद।

### चोरी-लूट करने वाले 2 बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

**अलीगढ।** जिले में अपराधियों के खिलाफपुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस आरोपियों के खिलाफगैंगस्टर और हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई करके उन पर नकेल कस रही है। लोधा थाने में चोरी और लूट करने वाले 2 शातिर अपराधियों के खिलाफगैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। एसएसपी कलानिधि नैथानी के निर्देश पर थाना लोधा पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है। इनके खिलाफविभिन्न थानों में नामजद मुकदमे दर्ज हैं और पुलिस लगातार इसकी तलाश कर रही है। इसके साथ ही आमजन भी इसके कारण परेशानी का सामाना कर रहे हैं। जिसके चलते इन पर नकेल लगाने के लिए कार्रवाई की गई है। इंस्पेक्टर लोधा आदित्य कुमार ने बताया कि दोनों अपराधी जवां थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इसमें जवां के वरौली निवासी कौशल पुत्र बद्री प्रसाद और बाजगढ़ी निवासी ओम कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 2ध्3 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी पेशेवर अपराधी हैं और गैंग बनाकर काम करते हैं। पुलिस ने कौशल को गैंगलीडर और ओम कुमार को गैंग के सदस्य बनाया है। दोनों आरोपियों के खिलाफचोरी और लूट और चोरी के 6 नामजद मुकदमें दर्ज हैं। जिसके बाद इनके खिलाफकार्रवाई हुई है। सभी आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज करने के साथ ही पुलिस अब इनकी संपत्ति खंगालने में जुट गई है। पुलिस का मानना है कि आरोपियों अवैध काम करके ही संपत्ति अर्जित की है, जिसके चिन्हित कनने के बाद कुर्क किया जाएगा। पुलिस अब तक गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों की लगभग 95 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इसके साथ ही इसकी नीलामी की कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है।

### कमिश्नर ने पूछा-अचलताल में गंदा पानी क्यों गिर रहा,

**अलीगढ।** अचलताल के आसपास अवैध अतिक्रमण हटेगा। कमिश्नर ने नगर निगम को अल्टीमेटम दिया है। महाभारत कालीन अचल ताल सरोवर के सौंदर्यीकरण का काम लगातार जारी है। इसकी जांच करने के लिए मंडलायुक्त नवदीप रिणवा निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि अचलताल में आसपास के कुछ घरों का गंदा पानी जा रहा है। उन्हें बताया गया कि ये अवैध अतिक्रमण है, जिसके बाद उन्होंने कार्रवाई करने को कहा है। अचलताल पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत सौंदर्यीकरण का काम लगातार चल रहा है। जिसके चलते चलते मंडलायुक्त और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अध्यक्ष नवदीप रिणवा ने इसकी व्यवस्थाएं जांची। उनके साथ नगर आयुक्त अमित आसेरी भी वहां मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने कहा कि अगर से बोरिंग कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर ताल में पानी भरा जा सके। वहीं उन्होंने ताल से गंदा पानी निकालने के लिए यहां पर पंप लगाने के लिए कहा है। जिससे कि बारिश के दिनों में और जरूरत पड़ने पर इसका पानी निकालकर इसे साफ किया जा सके। स्मार्ट सिटी के तहत अचल सरोवर के सौंदर्यीकरण और इसके विकास का काम लगातार पिछले साल से जारी है। जिसके बाद मंडलायुक्त ने इसके नक्शे और निर्माणाधीन काम की जानकरी ली। उन्होंने प्रगति रिपोर्ट भी जांची और समय से काम पूरा करने को कहा। मंडलायुक्त ने विकास काम करने वाली संस्था को निर्देश दिए हैं कि 15 फ़रवरी तक अचल ताल के सौंदर्यीकरण और विकास के काम को हर हाल में पूरा किया जाए। जिससे कि प्राचीन इतिहास को समेटे हुए इस सरोवर में आमजन अपने परिवार के साथ आकर इसका आनंद उठा सकें।

### पंखे के कुंदे में दुपट्टा से लटका मिला विवाहिता का शव, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप

**हाथरस।** हाथरस जनपद में सहपऊ के गांव नगला मेवा में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी, उसका शव कमरे में पंखे के कुंदे से दुपट्टा से लटका मिला। सूचना पर स्थानीय पुलिस ,सीओ सादाबाद रुचि गुप्ता के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतका के मायके पक्ष के भी लोग भी पहुँच गए। मायके पक्ष ने सुसरलीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। फिरोजाबाद के मक्खनपुर थाना क्षेत्र के बल्टी गढ़ी में रहने वाले उदयवीर निवासी मृतका के नाना हैं। उदयवीर ने बताया कि उसकी धेवती चौबीस वर्षीय शिवांगी का विवाह तीन वर्ष पूर्व गांव नगला मेवा निवासी किशोरी लाल के पुत्र बिजेंद्र सिंह के साथ हुआ था। आज मंगलवार की सुबह किसी ने हमें सूचना दी कि तुम्हारी धेवती की तबियत खराब है, वहां पहुँचने पर उसका शव पंखे के कुंदे से लटका मिला। पुलिस के सामने ही शव को पंखे के कुंदे से नीचे उतारा गया। मायके पक्ष ने सुसरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया। अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### गंगा और सहायक नदियों के संरक्षण की बनेगी कार्ययोजना

**हाथरस।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत, पुनर्वासन एवं संरक्षण की कार्ययोजना की सीडीओ साहित्य प्रकाश मिश्र ने समीक्षा की। सीडीओ ने जिला पंचायतराज अधिकारी को समस्त ग्राम पंचायतों में गंगा सेवा समिति का गठन करने और गंगा की सहायक नदियों के किनारे चबूतरे का निर्माण कराने और गंदा पानी जाने से रोकने के इंतजाहम करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी, डीपीआरओ तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई से समन्वय स्थापित करते हुए नदियों के किनारे वृहद मात्रा में पौधरोपण कराने को कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा विभाग को प्राथमिक विद्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाए जाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिला गंगा समिति की बैठक में सदस्य सचिव प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### तीन सदस्यीय टीम ने नगर पालिका परिषद पहुंच की जांच

**हाथरस।** नगर पालिका परिषद हाथरस में करोड़ों रुपये घोटाले को लेकर हुई शिकायत के मामले में तीन सदस्यीय टीम ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर जांच की। शिकायतकर्ता प्रशांत कौशिक ने इस मामले में साक्ष्य जांच कमेटी को दे दिए हैं। शासन के निर्देश के क्रम में मंडलायुक्त अलीगढ़ द्वारा प्रशांत कौशिक की शिकायत पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने पालिकाध्यक्ष से शिकायत के संबंध में स्पष्टीकरण लिया था। इस स्पष्टीकरण का परीक्षण करने के लिए टीम नगर पालिका परिषद आई।

# 57 वर्ष के हुये सलमान खान



बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सलमान खान आज 57 वर्ष के हो गये। 27 दिसंबर 1965 को मुंबई में जन्में सलमान खान का मूल नाम अब्दुल राशिद सलीम सलमान खान है और उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री के जानेमाने पटकथा एवं संवाद लेखक हैं। सलमान ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म बीबी हो तो ऐसी से की।इस फिल्म में उन्होंने छोटी सी भूमिका निभायी थी। वर्ष 1989 में सलमान को राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म मैंने प्यार काम में काम करने का अवसर मिला। युवा प्रेम कथा पर आधारित इस फिल्म में सलमान और भाग्यश्री की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी फिल्म मैंने प्यार किया सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म के लिये सलमान को फिल्म फेयर का सर्वश्रेष्ठ मेल डेब्यू अभिनेता का भी पुरस्कार मिला। मैंने प्यार किया की सफलता के बाद सलमान खान दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने में कुछ हद तक सफल हो गये।वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म सनम बेवफा सलमान खान के करियर की अहम फिल्मों में शुमार की जाती है। इसी वर्ष सलमान की फिल्म साजन प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में उनकी जोड़ी माधुरी दीक्षित के साथ काफी पसंद की गयी। इस फिल्म में सलमान ने रोमांटिक के साथ ही भावपूर्ण अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वर्ष 1994 मे राजकुमार संतोषी निर्देशित फिल्म अंदाज अपना अपना में सलमान खान के अभिनय का नया रंग देखने को मिला। इस फिल्म के पहले उनके बारे में यह बात की जाती थी कि वह केवल रूमानी भूमिका ही निभा सकते हैं लेकिन सलमान ने आमिर खान के साथ मिलकर अपने हास्य अभिनय से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। वर्ष 1994 में ही सलमान को एक बार फिर से राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म हम आपके है कौन में काम करने का अवसर मिला। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में उनकी जोड़ी माधुरी दीक्षित के साथ एक बार फिर से काफी पसंद की गयी। फिल्म ने सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये और ऑल टाइम ग्रेटेस्ट हिट्स में शुमार हो गयी।

वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म जुड़वा में सलमान ने दोहरी भूमिका निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वर्ष 1998 में उन्होंने अपने भाई सोहेल खान के निर्देशन में बनी फिल्म ..प्यार किया तो डरना क्या..में काम किया। इस फिल्म में सलमान खान के अपोजिट काजोल थी। यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम सलमान खान के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान की जोड़ी ऐश्वर्या राय के साथ काफी पसंद की गयी। अजय देवगन जैसे संजीदा अभिनेता की उपस्थिति में भी सलमान के अभिनय को दर्शकों ने जमकर सराहा।

वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म तेरे नाम सलमान के करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने रोमांटिक के साथ ही भावपूर्ण अभिनय कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। इसी वर्ष उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ बागबान में काम करने का अवसर मिला। छोटी सी भूमिका में भी सलमान दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने में सफल रहे। वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म मैंने प्यार क्यूं किया में सलमान की जोड़ी कैटरीना कैफ के साथ काफी पसंद की गयी।

## सोमवार को दृश्यम 2 से आगे निकली सर्कस, ऐसा रहा जेम्स कैमरून की अवतार 2 का हाल



बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के हिसाब से सोमवार का दिन कुछ ज्यादा खास नहीं रहा। इस दिन सिनेमाघरों में लगी फिल्म अवतारः द वे ऑफ वॉटर, सर्कस और दृश्यम 2 में से कुल मिलाकर सिर्फ जेम्स कैमरून की फिल्म ने ही अच्छा कलेक्शन किया है। अगर हम बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्म दृश्यम 2 के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने अपने 39वें दिन लाखों में कमाई की है। यानी अजय देवगन की फिल्म ने अब तक कुल 228.70 करोड़ रुपये का करोबार कर लिया है। इन दोनों फिल्मों के अलावा रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस का हाल चौथे दिन ही बेहाल नजर आया। आइए जानते हैं अन्य फिल्मों ने कैसा कलेक्शन किया।

**अवतार 2**

हम सभी जेम्स कैमरून की फिल्म अवतारः द वे ऑफ वॉटर से प्रभावित हैं। शुरुआती रुझानों के अनुसार, सोमवार यानी 26 दिसंबर को इस हॉलीवुड फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखी गई। कथित तौर पर, अवतार 2 ने सिनेमाघरों में अपने 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को लगभग 11.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। जिसके साथ ही फिल्म का कुल संग्रह 264.35 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुका है। फिल्म 300 करोड़ के क्लब में शामिल होने की ओर बढ़ रही है।


रोहित शेट्टी निर्देशित फिल्म सर्कस में रणवीर सिंह, जैकलीन फर्नांडीज और पूजा हेगड़े जैसे कलाकार हैं। फिर भी यह दर्शकों को प्रभावित करने में असफल रही। अवतार 2 को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक सिनेमाघरों में उमड़ रहे हैं। लेकिन बीते शुक्रवार को रिलीज हुई यह फिल्म पहले दिन से दर्शकों के लिए तरस रही है। हालांकि, सर्कस ने सोमवार के कलेक्शन में पिछले छह हफ्तों से राज कर रही फिल्म दृश्यम 2 को पीछे छोड़ दिया है। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, चौथे दिन सर्कस ने 2.40 करोड़ रुपये की कमाई की, जिसके बाद फिल्म का कुल कलेक्शन 23.25 करोड़ रुपये हो गया है। अजय देवगन की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म को पहले दिन से दर्शकों का खूब प्यार मिला है, लेकिन छठवां सोमवार आते-आते अब यह भी प्रशंसकों को कम संख्या में टिकट खिड़की तक पहुंचा पा रही है।

## खुशी से झूम उठेंगे ऋषभ शेट्टी के फैंस, 'कांतारा' के सीक्वल को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट




बीते कई समय से ऐसा देखा जा रहा है कि लोगों के बीच हिंदी फिल्मों से ज्यादा साउथ फिल्मों का बोलबाला है। फिर चाहे वो इस साल रिलीज हुई फिल्म 'आरआरआर' हो या फिर 'केजीएफ2',लेकिन इसके साथ साथ जिस एक फिल्म की चर्चा सबसे ज्यादा हुई, वो थी ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा। इस फिल्म की सक्सेस को देखते हुए हर किसी ने इस फिल्म की जमकर तारीफकी और अब हाल ही में इसके सीक्वल को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आ रही है। कांतारा की सक्सेस को देखने के बाद अभी से लोगों को इसके दूसरे पार्ट का इंतजार था और हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने इस पर एक बड़ी जानकारी भी लोगों के साथ शेयर की है, जिसके बाद फैंस की खुशी सातवें आसमान पर पहुंचने वाली है। दरअसल, हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान मेकर्स ने तमाम बातों के साथ इस बात का भी जिक्र किया कि वो 'कांतारा' का सीक्वल बनाएंगे। एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान मेकर्स ने कहा कि वो कांतारा 2 जरूर बनाएंगे, लेकिन इसकी समय सीमा अभी तक तय नहीं है। सीक्वल पर बात करते हुए मेकर्स ने खुलासा किया, हमारे पास एक योजना है। हम दूसरे कामों में व्यस्त थे और ऋषभ ने भी एक महीने का ब्रेक लिया था। जैसे ही वह वापस आ जाएंगे तो हम फ्रेंचाइजी के लिए अपने अगले कदम के बारे में फैसला करेंगे। इसके साथ ही मेकर्स ने केजीएफऔर कांतारा जैसी फिल्मों की सक्सेस के पीछे का कारण बताते हुए कहा, 'केजीएफ पर हमने स्क्रिप्ट पर तीन साल तक काम किया और कंतारा के लिए, हमने स्क्रिप्ट पर छह से आठ महीने तक काम किया। हमारे लिए हम हमेशा उन राइटर्स और डायरेक्टर्स को अहमियत देते हैं, जिन्हें अच्छी स्क्रिप्ट लिखने के लिए समय की जरूरत होती है।

## अरबाज खान की गैर मौजूदगी में ये किसे किस करने लगीं गर्लफ्रेंड जॉर्जिया



अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी अपने लुक्स और ड्रेसिंग सेन्स की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं. कई बार वो ऐसे-ऐसे कपड़े पहनकर सामने आ जाती हैं कि देखने वालों के होश ही उड़ जाते हैं. ऐसा ही कुछ इस बार भी हुआ है. जॉर्जिया कैमरे के सामने ब्लैक कलर की इतनी रिवीलिंग ड्रेस पहने नजर आईं कि उनकी अदाएं लोगों को दीवाना कर गईं. लेकिन इस बार जॉर्जिया ने रिवीलिंग ड्रेस पहनकर कैमरे के सामने ऐसी हरकत कर दी कि उसे देखकर अरबाज खान भी शॉक्ड हो जाएंगे. जॉर्जिया की ये फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

**फ्लाइंग किस करती आईं नजर**

इन तस्वीरों में जॉर्जिया कैमरे के सामने फ्लाइंग किस करती हुई नजर आईं. लेकिन ये फ्लाइंग किस जॉर्जिया ने अरबाज खान को नहीं बल्कि फैंस को किया है. फ्लाइंग किस की इन फोटोज को जॉर्जिया ने जैसे ही शेयर किया तो ये देखते ही देखते सोशल मीडिया पर छा गईं।

**दिए किलर पोज**

जहां एक ओर लोगों का ध्यान जॉर्जिया के फ्लाइंग किस की ओर गया तो वहीं एक्ट्रेस की ड्रेस ने भी लोगों का ध्यान खींचा. इस मौके पर जॉर्जिया ब्लैक कलर की टाइट शॉर्ट ड्रेस पहने दिखीं. जिसे देखकर इतना जरूर कहा जा सकता है कि ग्लैमरस लुक फ्लॉन्ट करने में जॉर्जिया एक भी मौका नहीं छोड़तीं।

इन तस्वीरों को जॉर्जिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. फोटोज शेयर कर कैप्शन में लिखा- मैरी क्रिसमस. आपको बता दें, अरबाज खान का मलाइका अरोड़ा से जब से तलाक हुआ है तब से लगातार अरबाज खान जॉर्जियां एंड्रियानी को डेट कर रहे हैं. यहां तक कि जॉर्जिया अरबाज से उम्र में काफी ज्यादा छोटी हैं बावजूद इसके दोनों के बीच जबरदस्त बॉन्डिंग दिखती है. यहां तक कि दोनों जब भी कैमरे के सामने एक साथ आते हैं तो जमकर पोज भी देते हैं।

## अंकित गुप्ता ने प्रियंका को दिया धोखा, एक्टर के बेड पर दिखी मिस्ट्री गर्ल



बिग बॉस 16 के फेमस कंटेस्टट में से एक कहे जाने वाले अंकित गुप्ता हाल ही में इस वीकेंड के वार पर घर से बेघर हुए हैं। हालांकि अंकित के घर से बेघर होने पर उनके फैंस काफी ज्यादा गुस्से में नजर आ रहे हैं। वही अब शो से बाहर आने के बाद अंकित गुप्ता का एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा है जिसे देख लोग यह कहने लगे है की अंकित ने प्रियंका को धोखा दिया हैं। दरअसल बिग बॉस के चर्चित कंटेस्टेंट अंकित गुप्ता के घर से बेघर होने के बाद इंटरनेट पर बवाल सा मच गया हैं। जहां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नो अंकित नो बिग बॉस और बैक अंकित इन बीबी 16 ट्रेंड करने लगा। वही घर से बाहर आने के बाद अंकित लगातर मीडिया को इंटरव्यू देना भी शुरू कर दिए हैं। जिसके बाद से अब ये कयास लगने भी शुरू हो गए है की अंकित की अब बिग बॉस के घर में री-एंट्री होना मुश्किल है। इस बीच अंकित गुप्ता का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनके बेड पर किसी लड़की के होने का दावा किया गया है।दरअसल, अंकित गुप्ता ने एक न्यूज पोर्टल को हाल ही में इंटरव्यू दिया है। वह होटल के रूम में बैठे जूम के जरिये इंटरव्यू दे रहे दिखाई देते हैं। इसी बीच पीछे से उनके बेड पर एक लड़की बैठी दिखती है। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, वैसे ही अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी को लेकर तमाम तरके कमेंट्स होने लगे। लोगों ने यह तक कह दिया कि प्रियंका का पत्ता कट गया। अंकित और उनकी लव स्टोरी फेक थी। लेकिन अब इस बात का खुलासा हो गया है कि आखिर यह वायरल लड़की कौन है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अंकित गुप्ता के बेड पर दिखने वाली लड़की कोई और नहीं, बल्कि उनकी मैनेजर है। बिग बॉस से बाहर आने के बाद वह कई मीडिया पोर्टल को इंटरव्यू दे रहे हैं। ऐसे में उनकी मैनेजर उनके साथ रहती ही हैं क्योंकि बाकी चीजें वही हैंडल करती हैं। उनका सारा काम मैनेजर या पीआर ही देखती हैं। सिर्फ वही नहीं, बल्कि टीम के और लोग भी मौजूद थे। बिग बॉस के घर में अंकित और प्रियंका की दोस्ती खूब वायरल हुई थी। जिसे देखने के बाद कुछ लोगों ने तो इस दोस्ती को प्यार का नाम देना भी शुरू कर दिया था। वही अब अंकित के घर से बेघर होने के बाद प्रियंका का गेम भी काफी वीक देखने को मिल रहा हैं।वही अब अंकित के फैंस इस बात की उम्मीद लगाए बैठे है की अंकित को शो में वापस लाओ, और लगातर से बिग बॉस के मेकर्स से इस बात की गुहार लगाए जा रहे हैं।

## नए साल में इस दिन लगेगा सूर्य और चंद्र ग्रहण, जानिए भारत में कितना दिखेगा असर

हर साल दो तरह के ग्रहण जरुर लगते हैं चंद्र ग्रहण और सूर्य ग्रहण। इस साल भी आखिरी महीने में ग्रहण दिखाई दिए। ज्योतिष गणना के अनुसार, जब भी कोई ग्रह राशि में परिवर्तन करता है तो उसका असर राशि के जातकों पर जरुर होता है। वहीं ज्योतिषाशास्त्र की मानें तो आने वाले साल में कुल 6 ग्रहण दिखेंगे जिनकी सूची इस प्रकार से है। तो चलिए आपको बताते हैं कि नए साल में सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण कब नजर आएंगे...

**पहला सूर्य ग्रहण**

ज्योतिषाशास्त्र के अनुसार, पहला सूर्य ग्रहण 14 अप्रैल 2023 को होगा। इस दिन गुरुवार का दिन पड़ रहा है और यह सूर्यग्रहण भारत में नहीं दिखेगा।

**दूसरा सूर्य ग्रहण**

आने वाले साल में दूसरा सूर्य ग्रहण 14 अक्टूबर 2023 को होगा। इस दिन शनिवार का दिन पड़ रहा है। यह कंकण खंडग्रास होगा और यह भी भारत में नहीं दिखेगा।

**तीसरा सूर्य ग्रहण**

साल का तीसरा सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल 2023 को होगा। इस दिन भी शनिवार ही पड़ रहा है। ज्योतिषाशास्त्र के अनुसार, यह ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा।

**पहला चंद्र ग्रहण**

साल का पहला चंद्रग्रहण 25 मार्च को होगा। इस दिन सोमवार पड़ रहा है।

## कड़कती ठंड में प्रेग्नेंट महिलाएं ऐसे रखें अपना ध्यान



प्रेग्नेंसी का दौर हर महिला के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान उन्हें अपने साथ-साथ बच्चे का भी ध्यान रखना पड़ता है। खासकर बदलता मौसम यानी कड़ाके की ठंड के कारण गर्भवती महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। खासकर संक्रमण जैसे खांसी, जुकाम और बुखार भी हो सकता है। ऐसे में गर्भवती महिलाएं कुछ खास चीजों का ख्याल रखकर अपना और बच्चे का ध्यान रख सकती है। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

**पानी जरुर पिएं**

सर्दी के मौसम में बहुत से लोग पानी पीना कम कर देते हैं। लेकिन गर्भवती महिलाओं को नियमित पानी पीना चाहिए , क्योंकि इस मौसम में शरीर को ज्यादा पानी की जरुरत होती है। ऐसे में इस अवस्था में किसी भी तरह की डिहाइड्रेशन से बचने के लिए आप पानी का नियमित सेवन करें।

**अच्छे से ढकें सिर पैर**

ठंड के मौसम में सूजन जैसी समस्याएं भी हो सकती है, जिसके कारण हाथों, पैरों में खुजली, लाल धब्बे, सूजन और छाले होने लगते हैं। ऐसे में आप कड़कती सर्दी से अपने आप को बचाने के लिए आप अच्छे से पैरों को कवर करें। इसके अलावा मोटे कपड़े जैकेट भी हर समय पहन कर रखें।

**घर के अंदर ही करें वर्कआउट**

ठंडी हवा के कारण अगर आप बाहर नहीं जा सकती तो ऐसे में आप घर के अंदर रहकर ही खुद को फिट और हैल्दी रख सकती हैं। आप घर में ही हल्का, व्यायाम या फिर योग कर सकते हैं।

**फ्लू का टीका लगवाएं जरुर**

गर्भावस्था में इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है ऐसे में आप फ्लू से बचने के लिए टीकाकरण जरुर पीएं। गर्भवती महिलाओं और अजन्मे बच्चों के लिए फ्लू का टीका बहुत ही आवश्यक है, यह फ्लू के कारण होने वाली समस्याओं से रोकने में मदद करता है।

**हैल्दी फूड्स का करें सेवन**

आप डॉक्टर से सलाह लेकर अच्छे विंटर फूड्स का सेवन कर सकते हैं। खासकर सर्दी के मौसम में अच्छी बैलेंस डाइट खाकर आप गर्भावस्था में खुद को स्वस्थ रख सकती हैं। डेयरी उत्पाद, फल, दालें और फलियों का सेवन आप इस मौसम में कर सकते हैं। इसके अलावा ब्रोकली, पालक और साग भी आप सर्दियों में खा सकती हैं।

**त्वचा को जरुर करें मॉइश्चराइज**

सर्दियों में तेज हवा चलने के कारण स्किन डिहाइड्रेटेड होने लगती है। डिहाइड्रेटेड स्किन के कारण त्वचा पर निशान भी दिख सकते हैं। ऐसे में आप स्किन पर इस मौसम में क्रीम, लोशन जरुर लगाएं।